26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी


बिजनौर : मंगलवार, 15 सितम्बर, 2026

अंक- 322 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## 2,000 तक UPI पेमेंट पर कोई चार्ज नहीं लगेगा

### अटकलों के बीच सरकार का आदेश, बड़े पेमेंट पर दुकानदारों से फीस ली जा सकती है

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** वित्त मंत्रालय ने यूपीआई पेमेंट को लेकर स्थिति साफ कर दी है। सरकार ने कहा कि 2,000 तक के यूपीआई पेमेंट पर बैंक या पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर डायरेक्ट या इनडायरेक्ट फीस नहीं लगा सकते। रुपे डेबिट कार्ड से होने वाले पेमेंट को भी इस दायरे में रखा गया है। दरअसल, संसद ने अगस्त में टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2026 पास




किया था। इसके जरिए पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 की धारा 10ए में बदलाव किया गया। इस बदलाव से सरकार को यह तय करने का अधिकार मिला कि किन डिजिटल पेमेंट पर फीस नहीं लगेगी। इसके बाद से ही 2,000 से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर फीस लगने की अटकलें शुरू हो गईं। इस बीच वित्त मंत्रालय ने 14 सितंबर को नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें 2,000 तक के यूपीआई पेमेंट पर किसी तरह के चार्ज ना लगाने की बात है।

# बिजनौर में दलित दंपति के शव मिलने से सनसनी

## पति का शव आम के पेड़ से लटका मिला, पत्नी की सलवार पहना दी गई थी पति को

## गंगा किनारे अर्धनग्न हालत में मिली पत्नी की लाश, शहतूत के पेड़ से बंधी थी चोटी

### टूटे डंडे और चप्पलें बढ़ा रहीं वारदात की आशंका, हत्या से पहले मारपीट और महिला से दुष्कर्म की भी चर्चा

बिजनौर (चिंगारी)। जलालपुर खादर क्षेत्र के जंगल में सोमवार से लापता दलित दंपति के शव मिलने से सनसनी फैल गई। मंगलवार सुबह गंगा किनारे महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला, जबकि करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में उसके पति का शव आम के पेड़ से तार के सहारे लटका हुआ पाया गया। महिला की चोटी शहतूत के पेड़ से बंधी मिली। उसके शरीर पर सलवार नहीं थी। उसकी सलवार उसके पति को पहना दी गई थी। घटनास्थल के आसपास मिले खून के धब्बे, टूटे हुए डंडे और दंपति की चप्पलें मामले को और गंभीर बना रही हैं। प्रथम दृष्टया घटना सामान्य आत्महत्या की बजाय संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस हत्या समेत विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। समीपवर्ती गांव सदुपुरा निवासी दलित देशराज उर्फ छोटे (40 वर्ष) पुत्र मुन्नू की जलालपुर खादर क्षेत्र में जमीन है। उसने अपनी जमीन पर पेड़ लगा रखे हैं। इन दिनों पेड़ों के पत्ते झड़ने के कारण देशराज और उसकी पत्नी सुषमा पिछले दो-तीन दिनों से वहां सफाई करने जा रहे थे। सोमवार सुबह करीब दस बजे दोनों रोज की तरह खेत पर गए थे। इसके बाद देर शाम तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों और बच्चों को चिंता हुई। ग्रामीणों ने आसपास के क्षेत्र में उनकी तलाश शुरू की, लेकिन देर रात तक दोनों का कोई पता नहीं चल सका।



### गंगा किनारे मिला पत्नी का शव

मंगलवार सुबह दंपति की तलाश के दौरान कुछ लोगों को जलालपुर खादर क्षेत्र में गंगा किनारे एक महिला का शव पड़ा दिखाई दिया। पहचान होने पर उसकी शिनाख्त सुषमा के रूप में हुई। सुषमा की चोटी शहतूत के पेड़ से बंधी हुई थी और शव अर्धनग्न अवस्था में था। उसके शरीर पर सलवार नहीं थी। परिस्थितियों को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में तरह-तरह की आशंकाएं पैदा हो गईं। महिला का शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने उसके पति देशराज की तलाश शुरू की। करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में देशराज का शव आम के पेड़ से तार के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों के अनुसार, देशराज के शरीर पर उसकी पत्नी की सलवार पहनाई गई थी। शवों की स्थिति और घटनास्थल के हालात ने पूरे मामले को रहस्यमय बना दिया है।

### हत्या से पहले बर्बरता की आशंका

दंपति के शव जिस परिस्थितियों में मिले हैं, उससे ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले दंपति के साथ मारपीट की गई और उन्हें प्रताड़ित किया गया। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए यह भी चर्चा है कि महिला के साथ दुष्कर्म किया गया हो सकता है। हालांकि इसकी अभी पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के बाद ही इस संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मिलने और उसके पति के शव पर उसकी सलवार होने की बात ने मामले को और गंभीर बना दिया है। ग्रामीणों में यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर दंपति के साथ ऐसी बर्बरता क्यों की गई और वारदात को अंजाम देने वालों ने घटनास्थल पर इतने निशान क्यों छोड़े।

शेष पेज 13 पर

आवश्यकता हैं

बिजनौर शहर में महिला छात्रावास हेतु महिला वार्डन की आवश्यकता हैं इच्छुक व्यक्ति निम्न नंबर पर संपर्क करे .

8192005001

बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# गणपति बप्पा मोरया..

## जयकारों से गूंजा हेजलमून स्कूल परिसर



**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेजलमून स्कूल में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भगवान गणेश जी का स्वागत बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अरविन्द कुमार पप्पू, निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल, अध्यक्ष अनिरुद्ध मित्तल सहित परिवार के अन्य लोग भगवान गणेश जी की प्रतिमा को विद्यालय परिसर में लेकर आए, जहां विद्यालय परिवार द्वारा उनका भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। गणपति जी के आगमन के साथ ही पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय ने भगवान गणेश जी का पूजन कर विद्यालय परिवार की सुख-समृद्धि, सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष के साथ भगवान गणेश जी का स्वागत एवं वंदन किया। पूरा विद्यालय परिसर भक्ति, संस्कृति, श्रद्धा एवं उत्साह से गूंज उठा।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गणेश चतुर्थी महोत्सव



### डॉ. रचना पाल रहीं मुख्य अतिथि

**बरूकी ( चिंगारी )।** ग्राम बरूकी में आयोजित गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन एवं पूजन किए। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र कुमार कश्यप एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूरज कश्यप के नेतृत्व में कश्यप समाज सहित सर्वसमाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं नहटौर विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ नेत्री डॉ. रचना पाल रहीं। ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. रचना पाल ने क्षेत्रवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र एवं समाज की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव जनता के साथ खड़ी हैं और उनके निराकरण के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। इस अवसर पर अंकुर चौधरी, महेंद्र सिंह पाल, सतपाल सिंह पाल, सचिन कुमार, नीरज चाहल, डॉ. निपेंद्र, सूरवीर प्रधान, रोहताश, अरविंद कुमार, सत्येंद्र, विक्की राणा सहित कश्यप समाज के पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।






## गणेश चतुर्थी व हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हल्दौर में गणेश चतुर्थी एवं हिंदी दिवस का पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश के चित्र के सम्मुख विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह, समस्त आचार्य-आचार्याओं एवं भैया-बहनों द्वारा पुष्पार्चन एवं वंदन के साथ किया गया। तत्पश्चात जयंती प्रमुख सोमपाल सिंह ने गणेश चतुर्थी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद कामना शर्मा ने हिंदी दिवस के महत्व एवं हिंदी भाषा की गरिमा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भूमियाक्षी, रुश्दा, रागिनी, अदिति, पंचवाल, अंबिका, विवेक आदि भैया-बहनों ने भगवान श्री गणेश से संबंधित विभिन्न प्रेरक प्रसंग एवं कहानियां प्रस्तुत कीं। साथ ही हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा के महत्व से संबंधित विचार भी प्रस्तुत किए गए।





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761

मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# इतना बारूद था कि विस्फोट होता तो आधा शहर उड़ जाता!

## 39 कुंतल 59 किलो तो सुतली बम ही बरामद हुए

## 12 कुंतल से ज्यादा अन्य विस्फोटक सामग्री मिली



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक के.के. विश्नोई। पकड़े गये आरोपी पीछे मुंह पर मास्क लगाये हुए।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम चौकपुरी स्थित बजरंग फायर वर्क्स (पटाखा फैक्ट्री) से जितनी विस्फोटक सामग्री बरामद हुई, अगर खुदा ना खास्ता उसमें विस्फोट हो जाता तो आधा शहर उड़ सकता था। इस पटाखा फैक्ट्री में सुतली बम वाले पटाखों के साथ ही अवैध रूप से कारतूस भी बनाये जाते थे। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस फैक्ट्री के तार मुम्बई से जुड़े हैं।

सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी केके विश्नोई ने बताया कि 13 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने फैक्ट्री की जांच की। इस दौरान लाइसेंस में निर्धारित सीमा से अधिक विस्फोटक सामग्री मिली। मौके से 39 कुंतल 59 किलो निर्मित सुतली बम वाले पटाखे बरामद किए गए। सुरक्षा की दृष्टि से बरामद सामग्री को सुरक्षित स्थान पर रखवाकर राजस्व अधिकारी ने फैक्ट्री में ताला लगाकर उसे सील कर दिया। बरामद सामग्री के नमूने फील्ड यूनिट ने सुरक्षित किए हैं। एसपी ने बताया कि फैक्ट्री से माल मुम्बई भी भेजा जाता था।

एसपी ने बताया कि फैक्ट्री से पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाला 130 किलो एल्युमीनियम पाउडर, 559 किलो गंधक और 548 किलो पोटेशियम नाइट्रेट बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक तीनों सामग्रियों का कुल वजन 1237 किलो है। इसके अलावा निर्मित और अर्धनिर्मित कारतूस तथा कारतूस बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार आरोपियों ने फैक्ट्री किराये पर ली थी और वहां सुतली बम वाले पटाखे तथा कारतूस बनाने का काम करते थे। पुलिस के मुताबिक कच्चा माल महाराष्ट्र के उस्मानाबाद निवासी अमजद उपलब्ध कराता था और तैयार माल भी वही खरीदता था। आरोपियों ने बताया कि गुफरान के भाई रिजवान अहमद अंसारी, जो वर्तमान में सऊदी अरब में रहता है, कारोबार में पैसा लगाता था। उक्त लोगों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, कच्चे माल और तैयार माल की खरीद-फरोख्त बिना बिल और दस्तावेज के किया जाता था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कच्चे माल के मिश्रण से कारतूस तैयार किए जाते थे। पुलिस मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### आशीष बालियान के नाम पर है फैक्ट्री का लाइसेंस

**बिजनौर ( चिंगारी )। बजरंग फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस ग्राम चौकपुरी निवासी आशीष बालियान के नाम पर है। पुलिस के मुताबिक नहटौर निवासी यूसुफ व गुफरान फैक्ट्री को किराये पर चला रहे थे। क्या पटाखा फैक्ट्री को किराये पर दिया जा सकता है?**

### दो आरोपी गिरफ्तार, चार के ख़िलाफ़ मुकदमा

मौके से नहटौर निवासी मौ. यूसुफ और गुफरान अहमद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आयुध अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमे में कुल चार अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है।

## क्रेटा कार पोल से टकराई दो युवकों के चोट आई

**शेरकोट ( चिंगारी )। अनियंत्रित हुई क्रेटा कार विद्युत पोल से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार दो युवक चोटिल हो गये। दोनों युवकों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया।**

जानकारी के अनुसार कल रात क्षेत्र के ग्राम उमरपुर आशा निवासी योगेंद्र कुमार अपने मुमेरे भाई काशीपुर निवासी अरूण कुमार के साथ क्रेटा कार में सवार होकर नगर के टेम्पो स्टेंड की ओर जा रहे थे। जब ये सैनी धर्मशाला के पास पहुंचे तो अचानक कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराकर गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान कार के एयरबेग खुल गये, जिससे कार में सवार सवार दोनों युवकों के मामूली चोट लगी। अचानक हुए इस हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराने से दोनों कार सवारों को मामूली चोट लगी है, जिन्हें उपचार हेतु भेज कर क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवा दिया गया है।

Hero
★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू
Hero
पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## रोजगार की गारंटी हो!

**अमेरिका की तर्ज पर चीन अपनी क्षमताओं का लोहा मनवा रहा है लेकिन हमारे देश में विज्ञान का मौजूदा बुनियादी ढांचा बेहद कमजोर है। देश में विज्ञान और शोध की स्थिति का आलम यह है कि विज्ञान में पीएचडी करने वाले हजारों लोगों में से 60 फीसद बेरोजगार हैं। इस स्थिति के लिए हमारे विद्यार्थी या उनके अभिभावक जिम्मेदार नहीं हैं। दरअसल, हमारी शिक्षा प्रणाली में ऐसा बोध ही पैदा नहीं किया जा सका है कि विज्ञान को पाठ्यक्रम में शामिल विषय से आगे समझा जाए। शायद यही वजह है कि पिछले 50 सालों में देश एक भी ऐसा वैज्ञानिक पैदा नहीं कर पाया, जिसे पूरी दुनिया उसके अद्वितीय शोध के कारण पहचाने। बतौर वैज्ञानिक भारतीय नागरिक ( सीवी रमन ) को नोबेल 84 साल पहले ( 1930 भौतिकी ) मिला था। तब से हम भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों द्वारा अर्जित नोबेल पर ही खुशी मनाते आए हैं। आजादी के समय जब देश में संसाधन कम थे, तब हमारे यहां जगदीश चंद्र बोस, नोबल पुरस्कार विजेता सर सी वी रमण, मेघनाद साहा और सत्येन बोस जैसे महान वैज्ञानिक हुए, लेकिन आज जब संसाधनों की कमी नहीं है, तो देश में विज्ञान शोधों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। यह विडम्बना है कि बाद के समय में बुनियादी सुविधाओं के अभाव में हरगोबिंद खुराना, एस. चन्द्रशेखर, अमर्त्य सेन और डॉ. वेंकटरामन रामकृष्णन जैसे देश में जन्मे वैज्ञानिकों ने विदेशों में जाकर उत्कृट कार्य के लिए नोबल प्राप्त किया। देश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में शोध के लिए वातावरण काफी कम रह गया है। उच्च शिक्षा पाने वालों में से केवल एक प्रतिशत छात्र ही शोध करते हैं। किन विषयों पर शोध हो रहा है और समाज के लिए उसकी क्या उपयोगिता है, इसका मूल्यांकन करने वाला कोई नहीं है। इसके उलट कई सारे ऐसे सरकारी प्रावधान हैं, जो गंभीर शोधपरक संस्कृति के विकास में रुकावट डालते हैं। वास्तव में विज्ञान के लिए एक समयबद्ध राष्ट्रीय नीति जरूरी है। विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए वैज्ञानिकों की जरूरत होगी और वो भी आधारभूत विज्ञान विषयों से जुड़े शोधार्थियों की, इसलिए यह जरूरी है कि मेधावी छात्रों को विज्ञान के प्रति प्रेरित किया जाए। विज्ञान के छात्रों और शोधार्थियों को रोजगार की गारंटी दी जाए।**

### खाद्य तेल

# बीज से बाज़ार तक शुद्धता का संकट

पीली सरसों से ढके खेत जब धरती पर सुनहरी चादर बिछाते हैं, तब भारत की कृषि-समृद्धि का अद्भुत दृश्य दिखाई देता है। लेकिन इसी सुनहरी फसल के पीछे एक कड़वा सत्य भी खड़ा है। जिस देश की मिट्टी मूंगफली, सरसों, सोयाबीन और सूरजमुखी पैदा करती है, वहीं देश खाद्य तेल के लिए विदेशों पर निर्भर हो गया है। भारत हर वर्ष लगभग 280 लाख टन खाद्य तेल की खपत करता है और इसका बड़ा हिस्सा आयात करना पड़ता है। हाल के वर्षों में लगभग 140 लाख टन खाद्य तेल आयात हुआ, जिसमें करीब 69 लाख टन पाम तेल था। वैश्विक बाजार में होने वाला एक निर्णय भारत की रसोई तक पहुंच जाता है। इंडोनेशिया द्वारा जैव-डीजल में पाम तेल का मिश्रण बढ़ाने की घोषणा और उसके बाद उस निर्णय के टलने से यह स्पष्ट हुआ कि हमारी खाद्य तेल सुरक्षा अभी भी अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर है। यह केवल व्यापार का विषय नहीं, इससे हमारी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है।

हमारे यहां सबसे पहला संकट बीज का है। कृषि अनुसंधान संस्थानों ने अधिक उत्पादन, रोग प्रतिरोध और सूखा सहनशीलता वाली अनेक उन्नत किस्में विकसित की हैं, लेकिन प्रयोगशाला से खेत तक पहुंचने में भारी अंतर दिखाई देता है। उदाहरण के लिए सोयाबीन की उत्पादकता भारत में कई क्षेत्रों में ब्राजील जैसे प्रमुख उत्पादक देशों से काफी कम है। सरसों में भी संभावित उत्पादकता और वास्तविक औसत उत्पादकता के बीच बड़ा अंतर बना हुआ है। भरतपुर स्थित सरसों अनुसंधान तंत्र से विकसित नई किस्में इस अंतर को कम करने की क्षमता रखती हैं। कुछ उन्नत किस्मों और संकरों में 25-30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन की संभावना बताई जाती है, जबकि देश की औसत उत्पादकता इससे काफी नीचे है। अब लग रहा है कि हमारे देश में समस्या केवल वैज्ञानिक ज्ञान की नहीं है,समस्या ज्ञान के खेत तक पहुंचने की है। सोयाबीन में भी यही कहानी दिखाई देती है। भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित कुछ किस्में कम अवधि,रोग प्रतिरोध और सूखा सहनशीलता जैसी विशेषताओं के साथ उपलब्ध हैं। फिर भी अनेक क्षेत्रों में वैज्ञानिक प्रदर्शन और किसान के वास्तविक उत्पादन के बीच उल्लेखनीय अंतर रहता है। किसान को किस्म का नाम-पता होना पर्याप्त नहीं है, उसे प्रमाणित बीज, सही समय, सही मात्रा और सही कृषि तकनीक भी मिलनी चाहिए।

सूरजमुखी की कहानी और भी गंभीर है। उन्नत संकर किस्म ने उत्पादन और तेल प्रतिशत बढ़ाने की क्षमता दिखाई है, फिर भी देश में इसका क्षेत्रफल लंबे समय में काफी घटा है। कारण स्पष्ट है, किसान उस फसल की ओर क्यों जाएगा जिसके लिए उसे सुनिश्चित बाजार, उचित मूल्य और जोखिम से सुरक्षा नहीं मिले?

यही दूसरा संकट है, किसान को अपनी उपज की कीमत का भरोसा नहीं है। सरकार समर्थन मूल्य घोषित करती है, लेकिन यदि वास्तविक खरीद सीमित हैं तो घोषित मूल्य किसान की आय की गारंटी नहीं बनता। मंडी में किसान को मजबूरी में कम कीमत पर उपज बेचनी पड़ती है। फसल आने के समय यदि बाजार में सस्ता आयातित तेल उपलब्ध हो जाए तो घरेलू तिलहन पर दबाव और बढ़ जाता है। किसान की लागत बढ़ती है, लेकिन उसका मूल्य-निर्धारण उसके हाथ में नहीं रहता।

तीसरा संकट मौसम का है। सोयाबीन और मूंगफली जैसी फसलें वर्षा की अनिश्चितता से प्रभावित होती हैं। सूरजमुखी जैसी फसलों में पक्षियों और अन्य जैविक जोखिमों का प्रभाव पड़ सकता है। फसल बीमा की राशि यदि नुकसान के महीनों बाद मिले तो वह तत्काल संकट का समाधान नहीं कर पाती। किसान को ऐसी व्यवस्था चाहिए, जिसमें जोखिम का बोझ अकेले उसके कंधे पर न हो। चौथा संकट आयात नीति का है। यदि घरेलू सरसों की आवक के समय आयातित पाम तेल सस्ता हो जाए तो बाजार में प्रतिस्पर्धा असमान हो जाती है। इसलिए खाद्य तेल की आयात नीति को केवल उपभोक्ता के लिए सस्ता तेल उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। उसमें किसान, उपभोक्ता और राष्ट्रीय



आत्मनिर्भरता, तीनों का संतुलन आवश्यक है, लेकिन इन सभी संकटों से भी अधिक चिंताजनक है मिलावट का संकट। एक ओर किसान अपने खेत में शुद्ध सरसों पैदा करता है, उसे कोल्हू या छोटी मिल में प्रसंस्कृत करके शुद्ध तेल बनाता है। दूसरी ओर बाजार में सस्ता तेल उपभोक्ता को आकर्षित करता है। यदि किसी सस्ते तेल को दूसरे तेल के नाम पर बेचा जाए या लेबल और प्रस्तुति से उपभोक्ता को भ्रमित किया जाए तो नुकसान केवल ग्राहक का नहीं होता। इससे शुद्ध तेल बनाने वाला किसान भी बाजार में कमजोर पड़ता है।

शुद्धता की कीमत अधिक होती है, लेकिन मिलावट बाजार को कृत्रिम रूप से सस्ता बनाती है। परिणाम यह होता है कि उपभोक्ता शुद्ध तेल को महंगा समझता है और किसान को अपनी गुणवत्ता का उचित मूल्य नहीं मिलता। इस प्रकार मिलावट केवल खाद्य अपराध नहीं, बल्कि किसान की अर्थव्यवस्था पर भी हमला है। इसका समाधान केवल छापेमारी नहीं है, इसके लिए हमें पूरी आपूर्ति श्रृंखला को बदलना होगा। पहला कदम होना चाहिए- गांव तक प्रमाणित उन्नत बीज की समयबद्ध उपलब्धता। कृषि विश्वविद्यालय और अनुसंधान संस्थान नई किस्में विकसित करें, लेकिन उसकी सफलता तभी मानी जाए जब प्रमाणित बीज किसान के खेत तक पहुंचे और उसकी उत्पादकता में वास्तविक सुधार दिखाई दे।

दूसरा कदम है-गांव के निकट प्रसंस्करण। किसान केवल बीज बेचने वाला न रहे, उसे तेल और खली दोनों का मूल्य प्राप्त हो। छोटे किसान उत्पादक समूह बनाकर स्थानीय तेल मिलें स्थापित कर सकते हैं। इससे परिवहन लागत घटेगी, रोजगार बढ़ेगा और किसान को मूल्यवर्धन का हिस्सा मिलेगा। तीसरा कदम है-मूल्य की पारदर्शिता। समर्थन मूल्य की घोषणा के साथ प्रभावी खरीद व्यवस्था हो, जहां बाजार मूल्य समर्थन मूल्य से नीचे जाए, वहां अंतर की भरपाई की व्यवस्था पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। चौथा कदम है-आयात नीति का पूर्वानुमेय कैलेंडर। किसान को बुवाई के समय यह पता होना चाहिए कि फसल आने पर आयात शुल्क और व्यापार नीति कैसी होगी। अचानक नीति परिवर्तन किसान के निवेश को जोखिम में डालता है। पांचवां और सबसे निर्णायक कदम है-मिलावट के विरुद्ध तकनीक आधारित युद्ध। हर जिले में नियमित मोबाइल परीक्षण प्रयोगशालाएं हों। खाद्य तेल के नमूनों की जांच बढ़ाई जाए। दोषी व्यापारियों और निर्माताओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो। साथ ही शुद्ध स्थानीय तेल को डिजिटल पहचान दी जा सकती है। एक क्यूआर कोड, जिससे उपभोक्ता उत्पाद का स्रोत, उत्पादन की तारीख, प्रसंस्करण केंद्र और प्रमाणन जैसी जानकारी देख सके। कल्पना कीजिए कि आप एक बोतल सरसों का तेल खरीदें तो उस बोतल पर लिखा हो कि यह किस किसान उत्पादक समूह की सरसों से बना है, किस गांव में इसका प्रसंस्करण हुआ और इसकी गुणवत्ता की जांच कहां हुई, तब उपभोक्ता केवल तेल नहीं खरीदेगा,वह विश्वास खरीदेगा।

**डॉ.दीपक गोस्वामी**

**प्रेरक-प्रसंग**

## किसी शार्टकट से धन कमाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, ऐसा धन आनंद नहीं देता है

संत रविदास अपनी झोपड़ी में बैठकर जूते बनाने का काम कर रहे थे। उन्हें संत रैदास के नाम से भी जाना जाता है। इस काम से उन्हें जो कुछ भी मिल जाता, उससे जीवन यापन कर रहे थे, वे अपनी कमाई से संतुष्ट रहते थे। एक दिन एक साधु उनकी झोपड़ी पर आया। उसने देखा कि रैदास एक सच्चे संत हैं। साधु ने विचार किया कि मुझे इनकी कुछ मदद करनी चाहिए। उसने अपनी झोली में से एक पत्थर निकाला और संत रैदास से बोले, रैदास जी, ये पारस पत्थर है। दुर्लभ है, मुझे कहीं से मिला है। अब मैं ये आपको देना चाहता हूं। इसकी विशेषता है कि ये लोहे को सोना बना देता है। साधु ने एक लोहे का टुकड़ा लिया और पारस पत्थर से उसे छूआ तो वह लोहे का टुकड़ा सोने का हो गया। साधु को लगा कि ये पत्थर संत रैदास जी स्वीकार कर लेंगे। संत रैदास बोले, साधु बाबा, इसे आप अपने पास ही रखें। मैं मेहनत से जितना कमाता हूं, वह मेरे लिए काफी है। जो मेहनत की कमाई है, उसका मजा ही कुछ और है। साधु ने बार-बार पत्थर रखने के लिए निवेदन किया तो संत रैदास बोले, अगर आप ये पत्थर नहीं रखना चाहते हैं तो इसे यहां के राजा को दे दीजिए। यहां का राजा बहुत गरीब है। उसे हमेशा धन की जरूरत रहती है या फिर किसी ऐसे गरीब मन वाले को खोजो जो है तो धनी, लेकिन वह धन के लिए पागल हो, उसे ये पत्थर दे दो।

# लोगों को लुभा रहा 80 के दशक का लुक




**खासपुरा ( चिंगारी )।** आज के डिजिटल युग में एक अनोखा ट्रेंड तेजी से वायरल हो रहा है। लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से अपनी आज की फोटो को 80 के दशक के लुक में बदल रहे हैं। शहरों से लेकर गांव-गांव तक सोशल मीडिया पर ऐसी तस्वीरों की बाढ़ आ गई है।

सवाल यह है कि आखिर क्यों लोग उस दौर में खुद को देखना चाहते हैं, जब न मोबाइल फोन थे, न आज जैसी सुविधाएं?

गांव के बुजुर्ग बलराम सिंह बताते हैं कि उस समय फोटो खिंचवाना एक बड़ी बात होती थी। साल में एक-दो बार स्टूडियो जाकर फोटो खिंचती थी और उसे बड़े जतन से एल्बम में संभाल कर रखा जाता था। उस एक फोटो में पूरे परिवार की यादें और संस्कार बंधे होते थे।

आज की पीढ़ी के पास हजारों फोटो हैं, लेकिन उनमें वो ठहराव नहीं। AI ने इसी भावना को फिर से जगा दिया है। युवा अपनी मॉडर्न फोटो को AI ऐप्स से 80 के दशक के कच्चे मकान, खेत-खलिहान, पुरानी साइकिल और धोती-कुर्ता वाले बैकग्राउंड में बदल रहे हैं। ऊमरी गुरुद्वारे के खजांची हरविंदर सिंह बिल्लू का कहना है यह एक फोटो ट्रेंड नहीं, बल्कि पुरानी सादगी और जुड़ाव को महसूस करने की चाह है। भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग उस सुकून को तलाश रहे हैं, जो पुराने समय में था। वहीं डॉ. नावाजिश खां का कहना है- आज मोबाइल और सोशल मीडिया ने जिंदगी आसान कर दी है, लेकिन पहले लोग एक-दूसरे से मिलने के लिए समय निकालते थे। पुराने दौर की तस्वीरें देखकर वही अपनापन याद आता है। युवा वर्ग में भी इस ट्रेंड को लेकर उत्सुकता है। कॉलेज छात्र सुखदीप सिंह का कहना है- हमने 80 का दशक देखा नहीं है, लेकिन फिल्मों, पुराने गानों और माता-पिता की बातों से उस दौर को समझते हैं, इसलिए इस तरह की तस्वीरें बनाना हमारे लिए नया और दिलचस्प अनुभव है।

# अकादमी ने 13 गोल्ड व 5 सिल्वर मेडल जीतकर प्रथम स्थान पाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मेजर ध्यानचंद खेल महोत्सव के अंतर्गत आईएमटी यूनिवर्सिटी, मेरठ में आयोजित ताईक्कांडो प्रतियोगिता में नजीबाबाद ताईक्कांडो ट्रेनिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 स्वर्ण एवं 5 रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से नजीबाबाद का नाम मेरठ में भी गौरवान्वित हुआ। प्रतियोगिता में अद्विक, रोहन वर्मा, दर्शित, दक्ष, वंश प्रजापति, यशस्वी, तरुण वर्मा, अश्वत, तरुण, विराट चैधरी, वैष्णवी, रितिका एवं अवंतिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं गुंजन, हर्षित, वंश कुमार, लक्ष्य गौतम एवं कृतज्ञ पाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किए। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर अकादमी से जुड़े लोगों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।




# इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे गोल्ड मेडल से सम्मानित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सर्वोदय पब्लिक स्कूल देवबंद में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 क्लस्टर ताईक्कांडों चैम्पियनशिप में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत जनित तोमर कक्षा-11 मैथ्स, सुक्रित सिंह कक्षा-8बी ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों ने चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर अपने स्कूल व कोच वंशिका चौहान का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के लिए चेयरमैन ओमप्रकाश राजपूत ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। डायरेक्टर ऐकडेमिक एवं प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत ने विजेता विद्यार्थियों को भविष्य में इसी प्रकार से मेहनत व लगन से अपनी प्रतिभा को बनाये रखने का आशीर्वाद दिया।



# नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ़ लॉ के विद्यार्थियों ने जानी न्यायालय में वादों के विचारण की प्रक्रिया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजज, नजीबाबाद के नार्थ इंडिया कॉलेज ऑफ लॉ के छात्र-छात्राओं का एक शैक्षणिक-भ्रमण कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य समसपाल सिंह के दिशा निर्देशन व विधि प्रवक्तागन डॉ. मोहम्मद जाकिर, रविकांत, सियाराम, अनिल कुमार व श्रीमती सलोनी चौधरी की देखरेख में सिविल न्यायलय, नजीबाबाद में विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में ले जाया गया। विधि के सभी छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत में वादकारियों को मिलने वाले सस्ते व सुलभ न्याय की विचारण प्रक्रिया को देखा व सीखा कि कितनी सरलता से दीवानी वादों और फौजदारी के छोटे-छोटे वादों जैसे मोटर व्हीकल, मोटर एक्सीडेंट, माप-तोल अधिनियम आदि में आने वाले वादों का कितनी सरलता से निस्तारण किया जाता है। नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजस नजीबाबाद के प्रबंध निदेशक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल व कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल तथा कुलसचिव गौरव वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके विधि व न्याय के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य की कामनाएं कीं।

# खुदरा महंगाई बढ़कर 20 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** खाने-पीने की चीजों और रेस्त्रां एवं आवास सेवाओं के दाम बढ़ने से अगस्त में खुदरा मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 4.82 प्रतिशत पर पहुंच गयी। इस साल जुलाई में खुदरा महंगाई 4.45 प्रतिशत और पिछले साल अगस्त में 3.89 प्रतिशत रही थी। खाद्य खुदरा महंगाई जुलाई 2026 के 5.52 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त में 5.95 प्रतिशत पर पहुंच गयी। खास बात यह रही कि एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में महंगाई दर शहरी इलाकों की तुलना में अधिक रही। अगस्त में शहरी इलाकों में खुदरा मुद्रास्फीति 5.64 प्रतिशत और ग्रामीण इलाकों में 6.13 प्रतिशत दर्ज की गयी। खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर 5.66 प्रतिशत और रेस्तरां तथा आवासीय सेवाओं की 8.38 प्रतिशत रही। सोने एवं चांदी के दाम बढ़ने से सौंदर्य प्रसाधन, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य वस्तु एवं सेवा वर्ग की महंगाई दर 15.17 प्रतिशत रही। पान, तंबाकू एवं नशीले पदार्थों की महंगाई दर 4.71 प्रतिशत और परिवहन सेवाओं की 4.60 प्रतिशत रही। जिन पदार्थों की महंगाई दर सबसे अधिक रही उनमें चांदी के गहने (107.11 प्रतिशत), अदरक (73.82 प्रतिशत), प्याज (48.27 प्रतिशत), लहसुन (43.60 प्रतिशत) और सोने, हीरे और प्लेटिनम के गहने (35.53 प्रतिशत) शामिल हैं। वहीं, टमाटर की कीमत सालाना 31.09 प्रतिशत, आलू की 13.14 प्रतिशत, मोटर कार एवं जीप की 6.72 प्रतिशत, भिंडी की 5.41 प्रतिशत और परवल की 3.60 प्रतिशत कम हुई।






# एसबीडी में हिंदी दिवस पर छात्राओं ने गीत कविता, विचार, नाटक प्रस्तुत किये

**धामपुर ( चिंगारी )।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ व्यवस्थापिका श्रीमती रेणु गोयल, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान एवं हिंदी विभाग की डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. रेणुका एवं डॉ. मंजू द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्पण कर किया गया। एम.ए की छात्रा कु. कनक चौहान एवं कु. लक्ष्मी के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

तदुपरांत कु. कनक चौहान, एवं कु. दिव्यांशी, कु. वंशिका, कु. अनुष्का राजपूत, कु. प्राची, कु. प्रांजल, कु. कनक चौहान द्वारा गीत, कविता व विचार प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर एम.ए की छात्राओं के द्वारा एक हिंदी नाटिका प्रस्तुत की गई। हिंदी विभाग से डॉ. मंजू ने छात्राओं का हिन्दी दिवस की उपयोगिता बतायी, जबकि असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अल्पना सिंह ने


कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षिकाएं।

विभाग की हस्तलिखित पत्रिका 'अन्विति' पांचवें अंक के बारे में बताया। व्यवस्थापिका एवं प्राचार्या द्वारा पत्रिका का लोकार्पण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम चौहान ने हिंदी की महत्ता बताते हुए कहा कि हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि हम राष्ट्रभाषा के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझे और भाषा के विकास में अपना योगदान दें। इस अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा संचालित निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, दोहा गायन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किये गए और सभी छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन छात्रा निशिका सिंह एवं सपना रानी के द्वारा किया गया।

## मारपीट के बाद युवक की संदिग्ध मौत

### गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**देहरादून ( चिंगारी )।** थाना रायपुर क्षेत्र में मारपीट के शिकार हुए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान राजीव नागलिया का प्लॉट, रायपुर निवासी जानिसार खान के रूप में हुई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 7 सितंबर की बताई जा रही है, जब जानिसार खान का विक्कू नाम के व्यक्ति और उसके अन्य साथियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि विक्कू और उसके साथियों ने जानिसार के साथ जमकर मारपीट की, जिससे उसे गंभीर अंदरूनी चोटें आई थीं। 13 सितंबर की सुबह जानिसार अपने कमरे में मृत अवस्था में पाया गया। परिजनों का कहना है कि मारपीट में लगी चोटों के कारण ही उसकी तबियत अचानक अधिक बिगड़ गई। घटना के बाद मृतक के जीजा शफीक ने थाना रायपुर में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी विक्कू और उसके साथियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## धामपुर बार एसोसिएशन का 28 सितम्बर को होगा चुनाव

**धामपुर ( चिंगारी )।** बार एसोसिएशन ,धामपुर की वर्ष 2026-27 के लिए चुने जाने वाली नयी कार्यकारिणी के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम की घोषणा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट तथा सचिव देवेंद्र कुमार एडवोकेट द्वारा जारी कर दी गई है। इसी के साथ तहसील में चुनावी सरगर्मियां बढ़ गई है। इस बार के चुनाव में जहां महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किया गया है। वहीं कोषाध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित रहेगा। कार्यक्रम के अनुसार आज शाम तक नामांकन पत्र लेने के दौरान ही मंगलवार और बुधवार को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। 17 सितंबर बृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा नाम वापसी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को प्रात: 10 से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद मत गणना कराई जाएगी और तुरंत ही चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। बार एसोसिएशन के चुनाव में पहली बार महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किया गया है जबकि कोषाध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यों के 6 पदों के लिए तथा कनिष्ठ सदस्यों के छह पदों के लिए होने वाले चुनाव में भी महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित रहेगा। कूल 216 मतदाताओं के नाम की मतदाता सूची एडल्ट कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह एडवोकेट को सौंप दी गई है।

## व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष ने गठित की कार्यकारिणी


पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देते हुए नगर अध्यक्ष संजय जैन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जैन ने नगर कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे। कार्यकारिणी में संरक्षक-महेंद्र धनोरिया, सुरेश अग्रवाल (साबुन वाले), दिनेश चंद नवीन, राकेश चौधरी, संजय अग्रवाल (मूनिया), डॉ. जितेंद्र कौशिक (चवन्नी वाले), नगर अध्यक्ष - संजय जैन (जैन बुक डिपो), महामंत्री- नागेश्वर दयाल गहलौत, उप महामंत्री- देवेंद्र भटनागर, कोषाध्यक्ष-अमित रस्तौगी, उपाध्यक्ष- पंकज जैन (टाइप वाले) पराग अग्रवाल, ललित गर्ग, सुनील गुप्ता (लोहे वाले), अमित अग्रवाल (चश्मे वाले), अरुण शर्मा (अलवा) अनुराग अग्रवाल (किराना वाले) रवि गुप्ता (पेंट वाले), मंत्री- आलोक अग्रवाल (पिंटू), सचिन सिंघल, प्रभात गुप्ता (जोन्टी), दिवाकर जैन, कुलदीप शर्मा (जागरण वाले), विवेक चौहान, रोहित माहेश्वरी, संजय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल को मनोनीत किया गया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद प्रकरण में शिकायतकर्ता को सुरक्षा प्रदान करने की मांग



**धामपुर ( चिंगारी )।** हिन्दवी स्वराज्य संघ ने मुख्यमंत्री को भेजे एक ज्ञापन में जिला सहारनपुर के गांव वास्तम निवासी पूर्व प्रान्त संयोजक बजरंग दल विकास त्यागी को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित एक मस्जिद की वैधता को लेकर की गई अपील पर विकास त्यागी की शिकायत पर सक्षम न्यायालय ने संज्ञान लेकर अवैध निर्माण (मस्जिद) को ध्वस्त करने का आदेश पारित किया था। चूंकि अवैध निर्माण काफी समय से बना हुआ था, कुछ लोगों द्वारा उपरोक्त इमारत से धनोपार्जन किया जा रहा था। सक्षम न्यायालय द्वारा लाभान्वित लोगों के विरुद्ध साढ़े छह करोड़ रुपये का हर्जाना वसूल पाने का भी आदेश दिया गया ।

संघ का कहना है कि चूंकि मामला एक विशेष सम्प्रदाय से जुड़ा हुआ है, इसलिए विकास त्यागी को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और उनकी जान को खतरा बना हुआ है। ज्ञापन में विकास त्यागी को सुरक्षा प्रदान कराये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष भव्य भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष विभूति कांत शर्मा, महामंत्री अरुण प्रताप सिंह, कृष्णा चंद्रा, आकाश कुमार, विशु चौहान आदि शामिल रहे।

## मोहल्ला साहूवान में चार स्थानों पर स्थापित की गई गणेश जी की मूर्ति


विघ्नहर्ता गणेश जी की मूर्ति को स्थापित करने के लिए ले जाते हुए श्रद्धालु।

**धामपुर ( चिंगारी )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर धामपुर के मोहल्ला साहूवान में चार अलग-अलग स्थानों पर गणेश जी की मूर्ति को स्थापित किया गया। सोमवार को सात दिवसीय गणेश चौथ महोत्सव समिति के संयोजन में पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ भगवान गणेश जी की मूर्ति को लाकर अंकुर कंपलेक्स परिसर में विधि विधान के साथ विराजमान किया गया। इस दौरान राजीव माथुर, आचार्य गौरव कृष्ण भारद्वाज, रवि माथुर, अंकुर गोयल, अर्पित गोयल, वीरेंद्र पुष्पक, जयंत गोयल, अर्पित माथुर आदि मौजूद है। उधर नवयुवा मंडल द्वारा धीरज अग्रवाल के निवास पर गणेश जी की मूर्ति विराजमान की गई। इस दौरान बलवीर सैनी, नितिन अग्रवाल, मोनाल अग्रवाल, नितिन सैनी, सुरेश सैनी, अनूप गोयल, शुभम नाथ, मुनेश उपाध्याय, मुकेश सैनी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा अरुण उपाध्याय के निवास पर भी भगवान गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। इस दौरान मोहित उपाध्याय, अनिका उपाध्याय, गरिमा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले गैंग का बिजनौर निवासी शातिर ठग काशीपुर में गिरफ्तार

## रेहड़ क्षेत्र के पेंट व्यापारी को बनाया था शिकार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** नशे में बेसुध कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लेकमेलिंग करने वाले गैंग के जाल में फंसकर पांच लाख रुपए गंवा चुके एक पेंट व्यापारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने गैंग के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना रेहड़ क्षेत्र निवासी पेंट व्यापारी सर्वेश कुमार एक माह पूर्व ब्लेकमेलिंग गैंग के जाल में फंस गया था। उसे गैंग में शामिल कई महिलाओं-पुरुषों ने उस समय बादीगढ़ चौराहे से ही साजिश में फंसाना शुरू कर दिया था। जिनके जाल में फंसकर सर्वेश कुमार उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्रांतर्गत कुंडेश्वरी तक चला गया था, जहां उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसकी अश्लील वीडियो बनाने उपरांत उससे 10 लाख रुपए की डिमांड करते हुए उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया गया था। सर्वेश ने अपनी जान और इज्जत बचाने के प्रयास में उस समय गैंग के सदस्यों को एक लाख रुपए ऑनलाइन दे दिए थे और अगले दिन कुंडेश्वरी जाकर चार लाख रूपए नकद और दे दिए थे। उसके बाद गैंग की ब्लेकमेलिंग से तंग आकर सर्वेश ने 12 अगस्त को उत्तराखंड की काशीपुर कोतवाली में इस बाबत मुकदमा दर्ज कराया था। काशीपुर पुलिस ने जिसे गंभीरता से लिया और खुलासे के भरसक प्रयास के नतीजे में काशीपुर पुलिस ने बीते शनिवार को इस गैंग के मुख्य आरोपी राजेंद्र कुमार (32 वर्ष) पुत्र



ब्लेकमेलिंग के आरोपी को कोर्ट ले जाती काशीपुर पुलिस।

सतनाम सिंह निवासी बैराज कालौनी शक्तिनगर बिजनौर को काशीपुर के रामनगर रोड से गिरफ्तार कर लिया है। काशीपुर कोतवाली पुलिस के अनुसार गिरफ्तार राजेंद्र कुमार के पास से एक कार व फिरौती के रूप में वसूले गए एक लाख रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि गैंग में शामिल बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास भी जारी हैं।

### पहले भी जेल जा चुका

**मुकदमे के आईओ उपनिरीक्षक मनोज धौनी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राजेंद्र कुमार इससे पूर्व भी काशीपुर कोतवाली से नकली नोटों के मामले में एवं थाना आईटीआई से आईपीसी की धारा 420 के तहत जेल जा चुका है।**

### पूछताछ में राजेंद्र ने किया बड़ा खुलासा

काशीपुर कोतवाली पुलिस के मुताबिक अभियुक्त राजेंद्र ने पूछताछ में बताया कि उसकी पिंकी कौर तथा राजविंदर कौर से अच्छी जान पहचान है, जिनके साथ मिलकर उसने अश्लील वीडियो बनाकर पैसे ऐठने की योजना तैयार की थी, जिसमें करीब 3 माह पूर्व पिंकी ने उन्हें सर्वेश कुमार के बारे में बताया था। जिसके बाद पिंकी और राजविंदर कौर ने सर्वेश से मेलजोल बढ़ाया और राजविंदर कौर ने कुंडेश्वरी में एक घर में पेंट कराने का इस्टीमेट लगाने हेतु सर्वेश को कुंडेश्वरी बुला लिया, जहां गैंग के सदस्य राजेंद्र, पिंकी तथा पिंकी का लड़का अंशदीप पहले से ही छिपे हुए थे। गिरफ्तार राजेंद्र के अनुसार राजविंदर कौर ने सर्वेश को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला दी, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाई गई और जब उसे होश आया तो उससे वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए तमंचे के बल पर 10 लाख रुपए मांगे गए, जिस पर सर्वेश ने वहीं एक लाख रुपए गूगल पे किए और चार लाख रुपए बाद में नकद दिए।




# बाइक सवारों ने बुजुर्ग को बातों में उलझाकर सोने की अंगूठी उतरवा ली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बाइक सवार दो लोगों ने एक बुजुर्ग को बातों में उलझाकर उनके हाथ से सोने की अंगूठी उतरवा ली। आरोपी अंगूठी लेकर बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दोनों संदिग्ध नजर आये। नगर पालिका चौराहा, टाउन हॉल के सामने रहने वाले 70 वर्षीय सुभाष कुमार वर्मा के अनुसार वह सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे किसी काम से सिविल लाइंस प्रथम गए थे। वहां से लौटते समय पंकज होटल के पास बाइक सवार दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। दोनों ने उन्हें बातों में उलझा लिया और हाथ में पहनी सोने की अंगूठी उतरवा ली। सुभाष कुमार के मुताबिक अंगूठी लेकर दोनों आरोपी काली बाइक से शक्ति चौराहे की ओर फरार हो गए। पीड़ित ने फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराए हैं।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने एथलेटिक प्रतियोगिता में कई मेडल जीते



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के छात्र-छात्राओं ने डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक एसोसिएशन बिजनौर द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में आयोजित एक दिवसीय सब जूनियर/जूनियर/सीनियर एथलेटिक प्रतियोगिता में अपना परचम लहराते हुए कई पदक प्राप्त किये। स्कूल के एमडी डालचंद पाल ने बताया कि अंडर-8 एज ग्रुप की 50 मीटर दौड़ और ब्रॉड जम्प में रिचिका पाल ने प्रथम स्थान। अंडर-10 एज ग्रुप के ब्रॉड जम्प में अक्षत ने द्वितीय स्थान, शिव तोमर और सुप्रिया पाल ने तृतीय स्थान। अंडर-12 एज ग्रुप की 60 मीटर दौड़ और ब्रॉड जम्प में अक्षिता ने प्रथम स्थान और वासु ने द्वितीय स्थान, अंडर-14 एज ग्रुप की 400 मीटर दौड़ में इशांत ने तृतीय स्थान। रिया पाल ने भाला फेंक में प्रथम और गोला फेंक में तृतीय स्थान। अंडर-18 एज ग्रुप में चक्का फेंक में वंशिका तोमर ने तृतीय स्थान, अंडर-18 एज ग्रुप में हैमर थ्रो में हुजेफा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के एम.डी. एवं पूर्व फौजी डालचन्द पाल, प्रबंधक किरण, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत एवं अन्य स्टाफ ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके नेक्स्ट लेवल पर सफलता प्राप्त करने की कामना की।

# आसमानी बिजली गिरने से तीन महिलाएं झुलसीं

**जलीलपुर ( चिंगारी )।** आसमानी बिजली गिरने से जंगल जा रही मां-बेटी सहित तीन महिलाएं झुलस गईं, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ लाया गया। ग्राम धींवरपुरा निवासी ऊषा (35 वर्ष) पत्नी प्रमोद कुमार, उसकी पुत्री रौनक (10 वर्ष) व राखी (20 वर्ष) पत्नी बब्लू सोमवार की शाम को पशुओं के लिए चारा लेने जंगल जा रही थी। बताया जाता है कि इस दौरान आसमानी बिजली गिरने से तीनों महिलाएं झुलस गईं, महिलाओं के झुलसने की खबर से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। 108 एम्बुलेंस से आसमानी बिजली गिरने से झुलसी तीनों महिलाओं को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ लाया गया।

# परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों पर कसा शिकंजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को लेकर परिवहन विभाग ने सोमवार को मिशन सेफ फ्यूचर-03 के तहत सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिजनौर, धामपुर, नगीना रोड और नूरपुर क्षेत्र में स्कूली वाहनों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान 15 स्कूली वाहनों के खिलाफ सीजर और चालान की कार्रवाई की गई।

एआरटीओ महेश शर्मा ने अभियान के लिए दो टीमों का गठन किया। एक टीम का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया, जबकि दूसरी टीम की कमान पीटीओ मुन्नालाल ने संभाली। टीमों ने विभिन्न मार्गों पर स्कूली वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों और अन्य व्यवस्थाओं की जांच की।




### फिटनेस और परमिट की जांच

जांच के दौरान स्कूली वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट और अन्य जरूरी दस्तावेजों की वैधता देखी गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों को सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने के लिए जागरूक भी किया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। कुछ चालकों ने कार्रवाई से बचने के लिए सिफारिश भी कराई, लेकिन अधिकारियों ने नियमों के अनुसार कार्रवाई की।

### छात्रों को भी किया जागरूक

परिवहन विभाग की टीम ने वाहनों में सवार छात्र-छात्राओं को भी जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि वे परिवहन विभाग के मोबाइल एप के माध्यम से वाहन के जरूरी दस्तावेजों की वैधता की जानकारी ले सकते हैं। यदि किसी वाहन के दस्तावेज अवैध मिलते हैं तो इसकी सूचना विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों को दें और ऐसे वाहन में बैठने से मना करें।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

एआरटीओ महेश शर्मा ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


# गणेश चतुर्थी पर नगर में कई जगह हुआ गणपति बप्पा का स्वागत



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी के मौके पर इसी दिन से गणेश उत्सव की शुरुआत होती है। इसका समापन लगभग 10 दिन के बाद होता है। इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी पर नगर के विभिन्न स्थानों के साथ नगर के मौहल्ला मकबरा में सनातन धर्म में प्रेमियों द्वारा सुंदर-सुंदर विद्युत साज सज्जा से सुसज्जित पंडाल सजाकर भगवान गणेश जी की श्रद्धा पूर्वक, विधि विधान के साथ प्रतिमा की स्थापना की गई। सबसे पहले कलश की स्थापना की। इसके बाद एक साफ चैकी पर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाकर चौकी पर अक्षत यानी चावल रखें व गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। आरती उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। मान्यता है कि इस दिन मिट्टी से बनी गणेश मूर्ति की पूजा करना अत्यंत मंगलकारी व कल्याणकारी होता है।

## प्राचीन शिव मंदिर में की गई श्री गणेश की मूर्ति स्थापना

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के रेलवे स्टेशन स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्री गणेश भगवान की भव्य मूर्ति की स्थापना का कार्यक्रम किया गया। पूजा-अर्चना व जयघोष के साथ भजन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव अरोड़ा, संरक्षक डॉ. एसके जौहर, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, अपना दल के जिला अध्यक्ष चैधरी शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, पंडित संजय जखमोला, पंडित सुभाष नागर द्वारा मुख्य यजमान पवन अग्रवाल ने सह परिवार पूजा अर्चना की। इस मौके पर पंकज वर्मा, सुरेंद्र सिंह, सुनीता, रेखा, माया, सावित्री आदि उपस्थित रहे।



## सन शाइन में हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना व हिंदी भाषा की महत्ता पर आधारित सुंदर विचारों के साथ हुई। निबंध प्रतियोगिता कक्षा छह से कक्षा आठ तथा कक्षा नौ से कक्षा बारहवीं के मध्य दो समूह में विभाजित करके कराई गई। जिसमें दिव्या, पीहू, प्रिंस, शिफा, सुनैना, सोनम, वासू, श्वेता, ओवेश, प्रीत, आर्यन, तोरन, आरिश, आदर्श, ध्रुव, प्रबल, अर्शलान, आयुषी, आभाश, आदित्य, बंधन, रीत, कशिश, तानिया, एंजिल, नमन, प्रिंस, वंशिका, काजल आदि सभी बच्चों ने प्रतिभाग कर प्रकृति का महत्व, सोशल मीडिया, ग्लोबल वार्मिंग तथा जल संरक्षण विषय में से किसी एक विषय को चुनकर उस पर अपने सुंदर विचार प्रकट किए। प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने सभी बच्चों से कहा कि हिंदी एक भाषा मात्र नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति व सभ्यता की पहचान है, जिस राष्ट्र की भाषा जितनी प्रबल व समृद्ध होगी, वह राष्ट्र उतनी ही उन्नति करेगा।

## कुल हिंदी मुसाबका हिफ्ज ए कुरान करीम प्रतियोगिता आयोजित



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मुफ्ती तारिक की ओर से ग्रीन फार्म बैंकट हॉल में ग्यारहवां कुल हिंदी मुसाबका हिफ्ज ए कुरान करीम मुकाबले का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में हिंदुस्तान से कई जगहों से हाफिज ए कुरान बच्चे भाग लेने पहुंचे। बच्चों ने कुरान की तिलावत की। प्रोग्राम में नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने भी पहुंचकर कुरान ए करीम की तिलावत की। इंजीनियर मुअज़्ज़म ने कहा सीखने के लिए कुरान को पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। हम सब को कुरान करीम पढ़ना आना चाहिए। साथ ही चेयरमैन ने हाफिज़ ए कुरान करीम कम्पीटीशन में आये हाफ़िज़ ए कुरान को 31000 रुपए देकर हौसला अफ़ज़ाई की। इस मौके पर मौलाना कारी वासिफ, मौलाना यूसुफ, कारी दानिश, कारी आज़म मुरादाबाद, मौलाना असलम सदर जमीयत नजीबाबाद, मौलाना अमजद, कारी सनव्वर, कारी मोहम्मद जैद, कारी मोहम्मद शहज़ाद आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी विश्वकर्मा जयंती



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्वकर्मा सेवा समिति बिजनौर के तत्वावधान में श्री भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। समिति के संस्थापक कृष्ण कुमार धीमान, अध्यक्ष रामपाल धीमान, महामंत्री संजय धीमान, कोषाध्यक्ष धर्मवीर धीमान एवं संयोजक राकेश धीमान एवं संयोजक राकेश धीमान ने बताया कि 17 सितम्बर को प्रातः 8 बजे, सभा गोष्ठी प्रातः 9 बजे के पश्चात 12 बजे समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेशचंद्र शर्मा (एडीओ) मुख्य वक्ता हर प्रसाद शास्त्री (नजीबाबाद) एवं विशिष्ट अतिथि सुंदरलाल धीमान (अध्यक्ष राष्ट्रीय धीमान ब्राह्मण सभा खतौली) होंगे। समस्त जयंती कार्यक्रम मौ. जाटान स्थित एमडी डिग्री कॉलेज में आयोजित किये जायेंगे। कॉलेज से ही दोपहर एक बजे 20वीं विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। समिति ने समाज के सभी लोगों का आह्वान किया है कि वे सभी सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें व अपनी एकता शक्ति प्रदर्शित करें।

## वालिया ग्लोबल एकेडमी के विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल जीते

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जिला खेलकूद प्रतियोगिता में वालिया ग्लोबल एकेडमी की तनिष्का सिंह सहित चार विद्यार्थियो ने गोल्ड मेडल जीते। विद्यालय प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्य ने विजयश्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। जिला एथलीट एसोसिएशन बिजनौर द्वारा नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर जिला एथलीट मीट 2026 में वालिया ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद के चार विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया। कक्षा 12 कॉमर्स की तनिष्का सिंह पुत्री चौधरी ईशम सिंह ने अंडर 18 आयु वर्ग की बालिका 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल एवं लम्बी कूद में कांस्य पदक ब्राज मेडल जीता। कक्षा 11 बायोलोजी की दिव्यांशी ने अंडर 16 आयु वर्ग बालिका लॉन्ग जंप प्रथम गोल्ड मेडल जीता। कक्षा 12 कॉमर्स के शिखर कुमार अंडर 20 में 110 मीटर बालक बाधा दौड़ में प्रथम गोल्ड मेडल जीता। कक्षा 10 के आयुष कश्यप अंडर 18 को 100 मीटर दौड़ में प्रथम गोल्ड मेडल व 200 मीटर में द्वितीय सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंध समिति के रमाकांत वालिया, कमलकांत वालिया, प्रधानाचार्य अनीता सिवाच, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, खेल शिक्षक दिवाकर त्यागी, मोहित कर्णवाल, वरिष्ठ शिक्षक एवं समन्वयक कुमुद कुमार ने गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## मूलचंद एकेडमी में हिन्दी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** हिंदी दिवस के अवसर पर मूलचन्द एकेडमी सी. से. स्कूल, कोटद्वार रोड में हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों में रुचि एवं प्रेम बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 2 से 5 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को सुंदर, स्पष्ट एवं प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया तथा हिंदी लेखन कौशल का परिचय दिया। विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता चौहान एवं उपप्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ हमारी संस्कृति व पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं भाषा कौशल को विकसित करने में सहायक होते हैं।

## हिन्दी दिवस व गणेश चतुर्थी पर निबन्ध प्रतियोगिता

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, कोटद्वार रोड में हिन्दी दिवस एवं गणेश चतुर्थी के मौके पर कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। आचार्या रजनी टाँक ने भगवान श्री गणेश के जन्म की पावन कथा सुनाते हुए उनके आदर्शों एवं जीवन मूल्यों से परिचित कराया। हिन्दी दिवस पर आचार्या फूलमाला वर्मा ने हिन्दी भाषा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं आचार्या मीनू तथा आचार्य घनश्याम सिंह ने हिन्दी भाषा एवं गणेश चतुर्थी के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व राष्ट्रीय महत्व पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में आचार्य आत्मस्वरूप शर्मा, पंकज शर्मा, संजय शर्मा, नीरज कुमार, गौरव कुमार, अनन्त कुमार, सोनू कुमार, सुभाष कुमार, आचार्या पूनम, मनु, साक्षी, मिताली एवं पलक सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने
के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई गणेश जी की शोभायात्रा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** गणेश चतुर्थी पर नगर में भगवान गणेश जी की शोभायात्रा बैंडबाजा व मनमोहक झांकियों के साथ श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष से वातावरण गूंजता रहा। सोमवार को दोपहर बाद सरगम सिनेमा के नजदीक स्थित तनुज भाटिया के आवास से शुरू हुई भगवान गणेश जी की शोभायात्रा मुख्य बाजार होते हुए डाली बाजार पहुंची, जहां प्राचीन शिव मंदिर में भगवान गणेश जी की प्रतिमा को स्थापित किया गया। शोभायात्रा में शिव पार्वती, राधाकृष्ण की झांकियों के अलावा ढोल व बैंड शामिल था। बाद में आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में बिरजू मराठा, विक्रम मराठा, राजेश मराठा, श्री कांत, मोहित भाटिया, अंकित, शुभम सहित सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु साथ-साथ चल रहे थे। अमित भाटिया ने बताया कि सुबह-शाम आरती की जाएगी तथा 20 सितम्बर को गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा।

# गणेश चतुर्थी पर हुए कई कार्यक्रम

**शेरकोट ( चिंगारी )।** श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव पर क्षेत्र में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पालकी ऐमन में युवा चौहान कमेटी के तत्वावधान में श्रद्धालु ने सोमवार को 5वें श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कमेटी सदस्य नितेश प्रधान, गर्व चौहान, भास्कर चौहान, छोटू आदि ने भक्तगणों के सहयोग से गणेश जी की मूर्ति को स्नान कराकर चौकी सिंहासन पर विराजमान कराया। आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने विधिवत पूजन कर श्री गणेश मूर्ति को स्थापित कराया। आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया की 24 सितम्बर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। ग्राम मिर्जापुर में श्री शिव गणेश कमेटी द्वारा10वें श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गणेश प्रतिमा को विशाल पंडाल में स्थापित करने से पहले ढोल नगाड़े बाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। आचार्य पंडित शिवकुमार शर्मा द्वारा विधिवत पूजन कराया गया। इस अवसर पर सर्वेश चौहान, विजेन्द्र चौहान, आशुतोष गौड़ आदि सहित कमेटी सदस्य और श्रद्धालु मौजूद रहे।



# रामायण पाठ का समापन होने पर शोभायात्रा निकाली

**शेरकोट ( चिंगारी )।** सोमवार को नगर के मुहल्ला नौधना स्थित शिव मंदिर में चल रही रामायण का अखंड पाठ सम्पन्न होने पर झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। गत शुक्रवार से नगर के मुहल्ला नौधना स्थित शिव मंदिर में 72 घंटे का तुलसीकृत रामायण अखंड पाठ चल रहा था। आज दोपहर पंडित विशाल भारद्वाज द्वारा उसका विधिवत हवन पूजन और प्रसाद वितरण कर समापन कराया। इस मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा युवा सैनी अखाड़ा कमेटी के तत्वावधान में मां काली की शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। मनमोहक झांकियों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा शिव मंदिर से होली चौक होकर चामुंडा देवी मंदिर पहुंचकर संपन्न हो गई। वहीं चामुंडा देवी स्थल पर भी यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम आयोजन में नरेंद्र सैनी, बलदेव सैनी, रमेश सिंह, मोहन सिंह, हिमांशु सिंह, सुशील सैनी, रोहन सिंह, ललित सैनी, सचिन सैनी, दीपक कुमार, दीपांशु कुमार आदि सैकड़ों का विशेष योगदान रहा।





# हिंदी का उपयोग करते हुए गर्व महसूस करें- डॉ. मोहित बंसल



**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने की। संगोष्ठी का संचालन खुबसूरत अंदाज़ में वनस्पति विज्ञान प्रवक्ता अल्फिया सिद्दीकी ने किया। संगोष्ठी का शुभारम्भ बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. अल्फिशा द्वारा प्रस्तुत नआत-ए-पाक से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने अपनी भाषा की उन्नति के लिए हमें इसका अधिक से अधिक उपयोग करना होगा और हिन्दी का उपयोग करते हुए हमें गर्व महसूस करना चाहिए। हिन्दी विभाागाध्यक्ष डॉ. शमशाद हुसैन ने हिन्दी के उद्भव और विकास को विस्तारपूर्वक समझाते हुए बताया कि हिन्दी हमारी राजभाषा, राष्ट्रभाषा और सम्पर्क भाषा भी है। शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. बेगराज यादव ने इस बात पर महत्व दिया कि हिन्दी भाषी स्वयं को कम न समझें। आने वाला समय हिन्दी का ही होगा। अंग्रेज़ी प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार राणा ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें सभी भाषाओं का आदर करना चाहिए। रसायन विज्ञान प्रवक्ता रिजवाना खान ने कहा कि हिन्दी भाषा भारत के बाहर विदेशों में भी बोली जाती है और विदेशी विश्वविद्यालयों में भी हिन्दी पढ़ाई जाती है। प्रवक्ता इरम शाहिद ने हिंदी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# डिफाल्टर आईजीआरएस की जांच को पांच सदस्यीय टीम स्योहारा थाने पहुंची

**स्योहारा ( चिंगारी )।** डिफाल्टर आईजीआरएस की जांच करने कर लिए पीलीभीत से पांच सदस्यीय टीम स्योहारा थाने पहुंची और शिकायतकर्ताओं से मिली। थानाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच आईजीआरएस ऐसे हैं, जिनका निस्तारण नहीं किया गया, जो डिफाल्टर की श्रेणी में आए हैं। उन्हीं की जांच के लिए आलाधिकारियों ने जांच टीम भेजी है। टीम जांच कर रही है। थाना अध्यक्ष ने निस्तारण न हो पाने की वजह बताते हुए कहा कि कोई मुकदमा नहीं लिखवाना चाहता है, तो कोई झूठा मुकदमा लिखवाने के लिए लगातार आईजीआरएस डालता रहता है। पोर्टल पर अवगत कराया हुआ है। जांच टीम से जब जानकारी की गयी तो उन्होंने कहा कि जांच करने के उपरांत ही कुछ बता पाएंगे। डिफाल्टर हुए आईजीआरएस में किवाड़, खिड़का, सहसपुर व दो अन्य जगह के प्रार्थना-पत्र सामिल हैं। जांच टीम में दो निरीक्षक व तीन उपनिरीक्षक सामिल हैं।

# कोर्ट के निर्णय पर खुशी जताई, बांटी मिठाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज जिला कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के कार्यकर्ता सिविल लाइन के नवयुग मार्केट में इकट्ठा हुए और वाराणसी सिविल कोर्ट के उस आदेश पर खुशी जताई, जिसमें कोर्ट ने CDFUP को उत्तर प्रदेश का एकमात्र वैध संगठन माना। इस अवसर पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार गोयल और जिला महासचिव अश्विनी शर्मा ने सभी कैमिस्टों को बधाई दी और कहा कोर्ट का फैसला सच्चाई की जीत है और हम सही और मान्यता प्राप्त संवैधानिक संगठन के जुड़े हैं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और कैमिस्ट एसोसिएशन जिंदाबाद तथा सत्यमेव जयते के नारे लगाए। इस अवसर पर सर्वश्री राजकुमार गोयल, अश्वनी शर्मा, सलिल विद्यार्थी, संजीव रस्तौगी, संजीव चौधरी, मनोज शर्मा, राकेश रस्तौगी, अमित कौशिक, राहुल राणा, रचित राठी, विपुल अग्रवाल, चौ. राजेश कुमार, चौ. ऊधम सिंह, सुशील शर्मा, गौरव अग्रवाल, इंद्रजीत अजीत, सचिन गुप्ता, प्रदीप रस्तौगी, आशीष कुमार, रूपक, संतोष धीमान, प्रकाश यादव, अरविंद ठाकुर एवं विनीत चौधरी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# देश के विकास में हिन्दी का विशेष योगदान- डा. दिवाकर

## वर्धमान कॉलेज में हिन्दी दिवस पर भव्य कार्यक्रम



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. महेश दिवाकर।

**बिजनौर( चिंगारी )।** सोमवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर वर्धमान कॉलेज, बिजनौर के हिन्दी विभाग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रो. शशिप्रभा द्वारा अतिथियों, प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि हिन्दी आज विश्व की महत्वपूर्ण भाषा के रूप में पहचान पा रही है। टैक्नोलॉजी में विश्व की तमाम भाषाओं के साथ हिन्दी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने हिन्दी के इतिहास पर बात करते हुए महान कवियों और उनकी महत्तवपूर्ण रचनाओं का नामोल्लेख किया। इसी क्रम में अतिथि के रूप में पधारे डॉ. राजीव चौहान ने स्वरचित गीत प्रस्तुत किया। दूसरे अतिथि के रूप में उपस्थित कवि कर्मवीर सिंह ने लोकगीत का गायन किया। कला संकायाध्यक्ष प्रो. एस.के. अग्रवाल ने सभी कार्यक्षेत्रों में हिन्दी की स्वीकार्यता पर बल देने की बात की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारीं लोक गायिका हेमलता मलिक ने अपना लोकप्रिय गीत, 'जुआ तो खेलें दिन-रात, कहूं तो घर में मैं बुरी', को गाया। मुख्य अतिथि साहित्य भूषण से सम्मानित डॉ. महेश दिवाकर ने हिन्दी साहित्य सम्पदा पर विस्तार से बात की। उन्होंने अपनी बात दिनकर की महान रचना कुरुक्षेत्र, पृथ्वीराज रासो, बिहारी के नीतिपरक दोहे आदि से शुरू करते हुए हिन्दी के वृहद साहित्य पर अपनी बात रखी। निज भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व के तमाम देश अपना विकास अपनी भाषा के माध्यम से करते हैं। फलत: भारत को भी अपनी हिन्दी को ज्ञान-विज्ञान का माध्यम बनाते हुए आगे बढ़ना है। उन्होंने आगे कहा कि अपनी भाषा से ही अपनी उन्नति संभव है। इस अवसर पर हिन्दी विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी, तपस्या रानी वर्मा, भूमिका चौधरी, शैली चौधरी और योगेश कुमार को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रो. ए.के.एस. राणा, प्रो. जे.के. विश्वकर्मा, प्रो. आर.के. यादव, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. दिव्या जैन, डॉ. बबीता चौधरी, डॉ. मोहम्मद साबिर, डॉ. सोनल शुक्ला, डॉ. दुर्गा जैन, डॉ. चारू दत्त आर्य, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. रेनू चौहान, डॉ. अंशू चौधरी, डॉ. पारुल भाटी, डॉ. करण देशवाल, डॉ. कविता रानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना प्रताप सिंह एवं डॉ. आयुष बघेल ने संयुक्त रूप से किया।

## प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया



विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं के साथ अतिथिगण।

कार्यक्रम में पिछले एक सप्ताह से चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों, जिनमें निबन्ध प्रतियोगिता, मौलिक कविता लेखन, दोहा चौपाई एवं लोकगीत गायन एवं भाषण प्रतियोगिता के क्रमवार आयोजन के फलस्वरूप स्थान प्राप्त प्रतियोगियों को प्रतीक चिह्न व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहानी, द्वितीय स्थान वंशिका जिंदल, तृतीय स्थान महवीश परवीन ने पाया। इसी प्रकार मौलिक कविता में प्रथम स्थान महवीश परवीन, द्वितीय स्थान दिव्या रानी एवं तृतीय स्थान इल्मा शरीफ को मिला। दोहा चौपाई एवं लोकगीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या रानी, द्वितीय स्थान शालिनी, तृतीय स्थान सलोनी को प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रमसा आफरीन, द्वितीय स्थान अनमोल जिंदल, तृतीय स्थान वंशिका जिंदल रहीं।




# घर में कन्या आई, खूब खुशियां मनाई

## अविरा को आशीर्वाद देने पहुंचे खास-ओ-आम

**छाछरी मोड़( चिंगारी )।** समाज में जहां कुछ लोग बेटियों को वोझ समझते हैं, वहीं दूसरी ओर बहुत सी कन्याओं को गर्भ में ही मार दिया जाता है, समाज में कुछ ऐसे भी महान लोग हैं, जो कन्याओं के जन्म पर भारी खुशी मनाते हैं और उनका जिस्टोन जन्मदिन खुशियों के साथ मनाते हैं। इसी कड़ी में बिजनौर क्षेत्र के गांव मोजीपुर गोपालपुर निवासी चौधरी समरपाल सिंह व उनकी धर्मपत्नी रीता देवी ने अपनी सुपोती और श्रीमती अंजलि एवं डॉ. अभिनव चाहल की सुपुत्री का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया, जिसमें क्षेत्र और प्रदेश भर के नेता, समाजसेवी और शुभचिंतकों ने भाग लिया और नवजात कन्या अविरा को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक नहटौर ओम कुमार, पूर्व मंत्री और विधायक चांदपुर स्वामी उमेश, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह, चौधरी रोबिन सिंह, कमलेश भुईयार, मंजू चौधरी, डॉ. बीरबल सिंह, डॉ. प्रकाशचंद, डॉ. रचना पाल, नितिन सिरोही, प्रिंस चौधरी, संगीता अग्रवाल, रंजीत चौधरी, तिलकराज सैनी, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, प्रयागराज से डॉ. दुष्यंत सिंह, भाजपा नेता सुनील कुमार, बृजपाल सिंह, गंगा समग्र प्रभाग संयोजक देवेश चौधरी, ग्राम प्रधान मनु चौधरी, प्रधान, नितेंद्र सिंह, मंजू चौधरी, रविता राठी, डीएमसी महिला कल्याण, वीर सिंह शिवसेना, उमेश मलिक आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर दो दिवसीय आर्य समाज का प्रोग्राम भी चला, जिसमें अरुण आर्य खतौली, पुष्पा शास्त्री बदायूं आदि ने देशभक्ति के भजन और समाज में फैली बुराइयों पर प्रकाश डाला और उनसे दूर रहने का आह्वान किया। सभी से बेटी बचाओ देश बचाओ अभियान में सहयोग करने का संकल्प दिलाया। चौधरी समरपाल सिंह, उनकी पत्नी रीता देवी और पुत्रवधू अंजलि, डॉ. अभिनव चाहल, डॉ. नवयुग चाहल, पुत्री सदभावना, प्रेरणा आर्य ने मेहमानों का जोरदार स्वागत किया।



# हिन्दी दिवस व गणेश चतुर्थी पर हुआ कार्यक्रम



**हल्दौर (चिंगारी)।** हिंदी दिवस एवं गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी, हल्दौर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, भाषायी प्रतिभा एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हिंदी भाषा के महत्व, राष्ट्र एवं समाज में हिंदी की भूमिका तथा भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों पर अपने विचारों को सुंदर एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं गणेश चतुर्थी के अवसर पर विद्यार्थियों ने मिट्टी एवं क्ले से भगवान श्री गणेश की सुंदर प्रतिमाओं का निर्माण किया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आकर्षक प्रतिमाएं तैयार कीं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भावनात्मक एकता की भाषा है। प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में राकेश कुमार, व्यवस्था प्रमुख विकास पंकज, निशा राजपूत, नमिता अग्रवाल, स्वाति वर्मा, अपूर्व चौहान सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे।

# ग्राम निजामपुरा में कुत्ते को उठा ले गया गुलदार

**बरुकी/बिजनौर (चिंगारी)। बरुकी क्षेत्र के ग्राम निजामपुर में रविवार रात गुलदार की आमद से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में गुलदार एक कुत्ते को अपना शिकार बनाकर मुंह में दबाकर ले जाता हुआ कैद हुआ है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात गांव की एक गली में अचानक गुलदार दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज में गुलदार एक कुत्ते को दबोचकर गांव के बाहर की ओर ले जाता नजर आ रहा है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में गुलदार की गतिविधियां बढ़ी हैं। रात के समय गुलदार के दिखाई देने की घटनाओं से लोग चिंतित हैं। बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के आसपास गश्त बढ़ाने, निगरानी रखने और गुलदार को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# सर्राफा स्वर्णकार संघ ने किया एसपी का स्वागत



**बिजनौर (चिंगारी)।** सर्राफा स्वर्णकार संघ बिजनौर के पदाधिकारियों ने सोमवार को नवागत पुलिस कप्तान श्री कृष्ण कुमार विश्नोई का स्वागत किया। संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें जनपद बिजनौर की कमान संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर सर्राफा स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने 22वें गणेश चतुर्थी महोत्सव में होने वाली महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक विजय खन्ना, अध्यक्ष सुमित सिंघल, महामंत्री जंगबहादुर वर्मा, कोषाध्यक्ष विजयन्त राज अग्रवाल, विजय सागर वर्मा एवं शानू रस्तोगी उपस्थित रहे।

# भाकियू तोमर का जिलाध्यक्ष गिरफ्तार



**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी से लदे ट्रक को वन विभाग के कार्यालय से छुड़ाने के लिए हंगामा और दबाव बनाने के मामले में कोतवाली शहर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में धामपुर निवासी सचिन गुप्ता और नहटौर निवासी अमरकांत शर्मा शामिल हैं। ये दोनों भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के नेता हैं। सचिन गुप्ता तो जिलाध्यक्ष हैं।

एसपी के.के.विश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि वन रक्षक मोहित कुमार ने सात सितंबर को कोतवाली शहर में तहरीर दी थी। पांच सितंबर को रेंज कार्यालय बिजनौर में ट्रक संख्या यूपी 20 एटी 3913 को छुड़ाने के लिए कई लोग पहुंचे थे। ट्रक में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी भरी होने के कारण वन विभाग ने उसे अपने कब्जे में लिया था।

तहरीर के अनुसार, ट्रक चालक शमीम समेत कई लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर ट्रक छोड़ने का दबाव बनाया। कार्यालय में हंगामा करने, धमकी देने और सरकारी काम में बाधा डालने का भी आरोप लगाया गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने बाहरी व्यक्ति को रुपये देकर ट्रक जबरन छुड़ाने का प्रयास भी किया।

वन रक्षक की तहरीर पर कोतवाली शहर में 10 नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना और साक्ष्य संकलन के बाद मुकदमे में चोरी से संबंधित धारा हटाकर दूसरी धारा बढ़ाई गई है। विवेचना में रोहन ठाकुर, बाबू भाई, आबिद और अकबर ठेकेदार के नाम भी सामने आए हैं।

### अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच जारी

पुलिस के मुताबिक मामले में अजय त्यागी, शादाब उर्फ शट्टू, जफर इकबाल उर्फ चिंटर, अफसर, विशाल, फैसल और शमीम समेत अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस सभी की भूमिका की जांच कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जनगणना के द्वितीय चरण को लेकर दिया अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण

## 16 नवंबर से 30 नवंबर तक चलेगी स्वगणना प्रक्रिया, एक दिसंबर से शुरू होगी जनसंख्या गणना

**बिजनौर (चिंगारी)।** विकास भवन सभागार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, जनगणना सहायकों एवं तकनीकी सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिन अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना के दौरान किए जाने वाले कार्यों, जिम्मेदारियों तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विवरण संकलित करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में स्वगणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित की जाएगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक जनसंख्या गणना का कार्य कराया जाएगा। जनगणना के दौरान छूटे हुए परिवारों अथवा आवश्यक संशोधनों के लिए रिवाइज राउंड पांच जनवरी से नौ जनवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने जनगणना के लिए संदर्भ तिथि पांच जनवरी 2027 निर्धारित की है।

### 67 बिंदुओं पर जुटाई जाएगी जानकारी

द्वितीय चरण में प्रत्येक घर के सभी पारिवारिक सदस्यों का विवरण निर्धारित प्रपत्र में दर्ज किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति के संबंध में कुल 67



बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसमें व्यक्ति का नाम, आयु, पता, शिक्षा, रोजगार, निशक्तता समेत अन्य आवश्यक व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विवरण शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये गये कि जनगणना कार्य के दौरान प्रत्येक परिवार से आवश्यक जानकारी सावधानीपूर्वक और निर्धारित मानकों के अनुरूप प्राप्त की जाए। किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए प्रत्येक विवरण का सत्यापन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश

**प्रशिक्षण में कहा गया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त, विभिन्न तहसीलों से आए उपजिलाधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी, चार्ज अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं जनगणना सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।**

# शहजादपुर में चला चैकिंग व वसूली अभियान, 12 कनेक्शन काटे

**हरेवली ( चिंगारी )।** गत दिवस सोमवार को हरेवली विद्युत सब स्टेशन के अवर अभियंता (जेई) सुनील कुमार ने विद्युत विभाग की टीम के साथ ग्राम शहजादपुर में चैकिंग एवं बकाया वसूली अभियान चलाया। अभियान के दौरान बड़े बकायेदारों के 12 विद्युत कनेक्शन काटे गए। अभियान के दौरान 10 बकायेदारों ने एक सप्ताह के भीतर बकाया विद्युत बिल जमा करने का आश्वासन दिया, जबकि छह उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कर दी। विद्युत विभाग की टीम के गांव में पहुंचते ही बकायेदारों में अफरा-तफ़री का माहौल बना रहा। जेई सुनील कुमार ने उपभोक्ताओं से समय पर विद्युत बिल जमा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर निर्धारित क्षमता से अधिक विद्युत भार है, वे अपना लोड बढ़वा लें। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से विद्युत चोरी न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति अथवा किसी अन्य समस्या के लिए उपभोक्ता विद्युत सब स्टेशन पर सूचना दे सकते हैं।



## बकायेदारों में मची अफ़रा-तफ़री

# क्षेत्र के विकास और जनहित को प्राथमिकता देंगी आभा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र की प्रमुख समाजसेविका एवं आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने क्षेत्र के ग्राम नवादा में जनसंपर्क एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने ग्रामीणों की आवश्यकताओं और क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों की जानकारी ली। इस अवसर पर श्रीमती आभा सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। आभा सिंह ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका स्नेह, विश्वास और सहयोग समाज के लिए बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। इससे पूर्व श्रीमती आभा सिंह के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत सम्मान किया।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# बरसात के चलते आबादी क्षेत्रों में गुलदार की आवाजाही बढ़ी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** वर्तमान में गुलदार की आबादी की ओर बढ़ती आवाजाही को देखते हुए लोग चिंतित और परेशान हैं। गुलदार के लगातार देखे जाने की सूचनाओं पर वनकर्मी भी हैरान हैं और जगह-जगह पिंजरे लगाकर गुलदार को रेस्क्यू कर भी रहे हैं। नगीना वन रेंज के कर्मचारियों ने अफजलगढ़ की डूडा कॉलोनी और ग्राम मौ. अलीपुर चौहड़ में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए हैं। क्षेत्रीय वन दरोगा सत्यवीर सिंह यादव ने बताया कि बरसात के चलते जंगलों एवं खेत खलियानों में पानी भरा जाने के कारण गुलदिर आबादी की ओर रुख कर लेता है, क्योंकि वह सूखे में रहने का आदी होता है। सत्यवीर सिंह ने कहा कि सूचनाएं मिलने पर समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।



# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मिली नई दिशा : शैलेंद्र चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभावी भागीदारी देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि संविधान (128वां संशोधन) अधिनियम, 2023 के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इस व्यवस्था से देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को संस्थागत मजबूती मिलने की उम्मीद है। शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने संसद में इस विधेयक पर चर्चा के दौरान महिलाओं के साथ-साथ पिछड़े और वंचित वर्गों की महिलाओं के प्रतिनिधित्व के सवाल को भी मजबूती से उठाया था। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि पिछड़े समुदायों की महिलाओं की भागीदारी से जुड़ी चिंता गंभीर और विचारणीय है। उन्होंने कहा कि अनुप्रिया पटेल की यह भूमिका अपना दल (एस) की उस राजनीतिक सोच को दर्शाती है, जिसमें महिला सशक्तिकरण के साथ सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों की भागीदारी को भी महत्वपूर्ण माना जाता है।



# ताले तोड़कर दुकान पर कब्जा किया, हत्या की आशंका जताई

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर के मोहल्ला तकिया गढ़ी पश्चिमी निवासी शादाब आलम पुत्र मौ. शमीम अहमद ने आरोप लगाया कि उसके भाई दिलशाद की 5 जून 2024 को वसीम, मुकीम शहबाज, अनस, असद, अमन, उजैफ, मुस्तकीम किशवर, सन्नो, अलीम, तालिब आदि द्वारा पैतृक संपत्ति को लेकर हत्या कर दी गई थी। उसने बताया कि पैतृक संपत्ति में एक मकान व दो दुकान मुकदमे में पंजीकृत है। दोनों दुकानों पर पीड़ित पक्ष का कब्जा है और उसमें ताले डाले हुए थे। आरोप है कि रात्रि में किसी समय आरोपी पक्ष द्वारा ताला तोड़कर दुकानों पर कब्जा कर लिया गया है। उसने बताया कि दुकानों की पावर ऑफ अटॉर्नी मृतक नसीम अहमद द्वारा पीड़ित के पिता के नाम कर दी गई थी, जिसका नगर पालिका टैक्स भी पिता के नाम पर ही संचालित है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी पक्ष झगड़ा करके पहले की तरह हत्या करने की साजिश रच रहा है, उसने मामले में सुरक्षा दिलाने की भी मांग की है।

# क्रिसेंट स्कूल में मनाया गया हिन्दी दिवस



**चांदपुर ( चिंगारी )।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित बास्टा रोड चांदपुर स्थित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने हिंदी भाषा एवं साहित्य से संबंधित आकर्षक पोस्टर तैयार किए तथा विभिन्न विषयों पर हिंदी कविताओं का भावपूर्ण पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नदीम बख्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, साहित्य और भावनाओं को अभिव्यक्त करने वाली समृद्ध भाषा है। शैक्षणिक इंचार्ज शहज़ाद खान ने कहा कि हिंदी दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला भी रहा।

# रालोद को बूथ स्तर तक मजबूत बनायें - अंकुल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे युवा रालोद नेता अंकुल चौधरी ने क्षेत्र के अनेक गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात की तथा रालोद को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

युवा रालोद नेता अंकुल चौधरी ने क्षेत्र के ग्राम घून्दली में कहा कि आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं को अभी से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने युवाओं से आगे आकर राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक बूथ पर मजबूत संपर्क और संवाद स्थापित करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता फौजी शशि कुमार ने की तथा संचालन डॉ. नरदेव सिंह ने किया। इस अवसर पर घासीराम, देशराज सिंह, वेदवृत, कावेन्द्र सिंह, मानपाल सिंह, महावीर सिंह, राजवर्धन, दिनेश कुमार और बबलू चौधरी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। ग्राम मोहनपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बलवान सिंह ने की तथा संचालन सुबोध कुमार ने किया। यहां प्रधान समरपाल, सुरेश कुमार, ओमपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, महेश कुमार, विक्रम सिंह, बलवंत सिंह, जितेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए अंकुल चौधरी।

# दलित समाज में आक्रोश, जांच पर टिकी निगाहें

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दंपति की संदिग्ध मौत की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। दलित समाज के लोगों ने घटना पर गहरी नाराजगी जताते हुए दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दंपति की मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब पुलिस जांच से ही मिल सकेगा। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वास्तविक वजह और महिला के साथ किसी तरह की यौन हिंसा हुई या नहीं, इसकी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आएगी। फिलहाल पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पूरे मामले की तह तक पहुंचने में जुटी है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। मृतक दम्पति के दो पुत्र और दो पुत्रियां है। चारों अभी छोटी उम्र के हैं।

## खेत में मिले खून के धब्बे और टूटे डंडे

**दंपति की तलाश के दौरान जब ग्रामीण उनके खेत पर पहुंचे तो वहां खून के धब्बे, टूटे हुए डंडे और दंपति की चप्पलें पड़ी मिलीं। इन परिस्थितियों से आशंका जताई जा रही है कि दंपति के साथ खेत पर मारपीट की गई होगी और इसके बाद उन्हें अलग-अलग स्थानों पर ले जाया गया होगा। हालांकि घटना की वास्तविक वजह और घटनाक्रम क्या रहा, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी सिटी डॉ. केजी सिंह, सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय पुलिस टीम, एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर ग्रामीणों और परिजनों से जानकारी जुटाई। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया।**

# कृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**शेरकोट ( चिंगारी )। नेशनल हाईवे स्थित मनोकामना महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को कथा वाचक राजकुमार सुदर्शन जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए।**

सुदर्शन जी महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के अंतर्गत माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन सहित विभिन्न प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कृष्ण जी द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा करने की गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वृतांत सुनाया। कथा के प्रसंग सुनकर पंडाल श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर महाराज चंद्रभान गिरि, कृपाल सिंह सैनी, भागवताचार्य विचित्र शास्त्री, कुलदीप शर्मा , निंद्रा उपाध्याय, शिवकांत, कोमल मां, अर्जुन, त्रिलोक चंद सैनी आदि का विशेष योगदान रहा। वहीं दूसरी ओर नगर के



मोहल्ला समना सराय स्थित शिव मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिन रविवार की शाम श्रद्धालु वामन अवतार का वर्णन सुन भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर विनीत त्यागी, उनकी धर्मपत्नी आरती त्यागी, मणि शंकर भारद्वाज, राजेंद्र सिंह पाल,जयपाल सिंह चौहान, जयप्रकाश त्यागी डॉक्टर रविशंकर शर्मा ,पवन भारद्वाज, राजेंद्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## श्रीमद भागवत मनुष्य का आध्यात्मिक मार्ग दर्शक है : देवी प्रसाद भट्ट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नजीबाबाद रोड निवासी जुयाल परिवार में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के शुभारंभ से पूर्व श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में सहभागिता की। कलश यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कथा व्यास वेदाचार्य पंडित देवी प्रसाद भट्ट ने पहले दिन श्रद्धालुओं को भागवत कथा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मनुष्य को जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। इसके श्रवण से मनुष्य के भीतर भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और सदाचार की भावना का विकास होता है। आचार्य देवी प्रसाद भट्ट ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे दौड़ते हुए मानसिक शांति से दूर होता जा रहा है। ऐसे समय में भगवान की कथा और सत्संग मन को शांति प्रदान करने के साथ ही जीवन के वास्तविक उद्देश्य का बोध कराते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा को केवल सुनने तक सीमित न रखकर उसके संदेश को अपने व्यवहार और जीवन में उतारने का आह्वान किया।

# नगीना में गूंजे 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे

## धूमधाम से स्थापित हुई गणेश प्रतिमाएं

**नगीना ( चिंगारी )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर में अलग-अलग मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर भगवान गणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गईं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बैंड-बाजे और ढोल-ताशों के साथ नृत्य करते हुए गणपति बप्पा का जयघोष किया। प्रतिमा स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। नगर के मोहल्ला सराय मीर में गणपति सेवा मंडल तथा मोहल्ला मुगलान में गणेश मित्र मंडल की ओर से भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा स्थापना से पहले श्रद्धालु जुलूस के रूप में पहुंचे। बैंड-बाजों और ढोल-ताशों की धुन पर



महिला श्रद्धालुओं समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। आयोजकों के अनुसार गणेश उत्सव के दौरान 10 दिनों तक सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। दस दिन की पूजा के बाद 25 सितंबर को भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान से हरिद्वार में विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा स्थापना के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस मौके पर समीर बेरी, अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, मुकुल गुप्ता, संस्कार, अनमोल अग्रवाल, शुभम, विनोद अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## लगातार बारिश धान की फसल को पहुंचा रही नुकसान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण कोटद्वार क्षेत्र व जयहरीखाल ब्लाक के कई गांवों में धान की फसल खेतों में ही गिर गई है। बड़ी मात्रा में फसल गिरने से किसानों को उत्पादन प्रभावित होने की चिंता सताने लगी है। खेतों में बनी नमी और जलभराव के बीच गिरी फसल में चूहों और अन्य कीटों का प्रकोप बढ़ने का खतरा भी बना हुआ है। कृषक वीरेंद्र सिंह, रघुवरदत्त, मनबर सिंह व विनोद कुमार आदि ने बताया कि इस समय धान की फसल महत्वपूर्ण अवस्था में पहुंच चुकी है। धान की फसल में बालियां निकलने लगी हैं और दाना बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। किसानों का कहना है कि पौधे गिरने से बालियों को पर्याप्त धूप और हवा नहीं मिल पाएगी, जिससे दाना बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। लगातार बारिश होने पर खेतों में जलभराव से फसल को और नुकसान पहुंचने की आशंका है। कहा कि बारिश के बाद गिरी फसल को दोबारा संभालना किसानों के लिए बेहद मुश्किल होता है। कहा कि सरकार को कृषकों को उनके नुकसान का मुआवजा देना चाहिए।

# फुटबाल के मुकाबले के साथ, जनपदीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित स्व. शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम गाड़ीघाट में चल रही 76वीं जनपदीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया। अंतिम दिन फुटबाल के मुकाबले खेले गए। फुटबाल में दुगड्डा, कोट और पौड़ी ने परचम लहराया। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में पौड़ी जिले के 15 विकासखंडों से करीब 1400 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। अंतिम दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल में दुगड्डा ने पौड़ी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। खिर्सू की टीम तीसरे स्थान पर रही। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में कोट और पौड़ी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। ट्राई ब्रेकर में भी मुकाबला 5-5 से बराबर रहा। इसके बाद सडन डेथ में कोट के सारांश ने निर्णायक गोल कर टीम को 7-6 से जीत दिलाई। दुगड्डा तीसरे स्थान पर रहा। अंडर-19 बालक वर्ग में पौड़ी और पाबौ के बीच मुकाबला हुआ। पाबौ के अक्षित नेगी ने पहला गोल किया, जबकि पौड़ी की ओर से अर्जुन ने गोल कर बराबरी दिलाई। मैच के अंतिम क्षणों में आदित्य ने निर्णायक गोल कर पौड़ी को विजेता बना दिया। अंडर-17 बालिका वर्ग में कोट ने दुगड्डा को 2-0 से हराकर चैंपियनशिप जीती। वहीं, अंडर-19 बालिका वर्ग के फाइनल में पौड़ी और दुगड्डा आमने-सामने रहे। ट्राई ब्रेकर में पौड़ी ने दुगड्डा को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। निर्णायकों में बृजमोहन भंडारी, राजेंद्र रावत, योगेंद्र पटवाल, जगमोहन बिष्ट और राकेश मोहन बलोधी शामिल रहे। अंत में विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

# धूमधाम के साथ निकाली गई महाकाली झण्डा शोभायात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित महाराज शूरसेन सैनी धर्मशाला सेवा समिति (पजी.) शिव मंदिर सैनी धर्मशाला से 99वीं महाकाली झंडा शोभायात्रा परंपरागत रूप से धूमधाम के साथ निकाली गई। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान(बॉबी), प्रियंकर राणा, पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार, जिला महामंत्री भाजपा दिनेश सैनी, मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महाकाली झंडा शोभायात्रा संरक्षक बबलू सैनी (कैटर्स), महाकाली झंडा शोभायात्रा 2026 अध्यक्ष कुलदीप सैनी को पगड़ी, पटका व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता, प्रांतीय पार्षद भूपेंद्र सैनी, डा. एन.पी. सिंह, निर्वतमान जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, राघव शरण गोयल, सुरेश सैनी (सोनी) आढ़ती, खेमचंद सैनी (नीलू) हरीश चंद्र कैटर्स महावीर सिंह सैनी, ललित सैनी, संजय सैनी (सिकन्दर), सुशील सैनी को पटके व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा महाकाली झंडा शोभायात्रा का फीता काटकर, नारियल भजन कर व गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में नटराज अखाड़ा के गुरु नरेंद्र कुमार सैनी, चन्दशेखर सैनी (नटराज अखाड़ा खलीफा), मोनू (महाकाल अखाड़ा गुरु), केशव (खलीफा) अतिथियों द्वारा पगड़ी बाधी गई। शोभायात्रा में सबसे आगे महाकाली का झंडा, माता के भजन, नटराज अखाड़ा, गणेश भगवान, राजस्थानी नृत्य, शेरावाली मां, बैंड, मां काली अखाड़ा, महाराजा शूरसेन,



हवन व प्रसाद आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा मन्दिर से प्रारंभ होकर मौहल्ला जोशीयान, खारी कुआं, जैन मन्दिर, राधा कृष्ण मंदिर, मौहल्ला गुजरातियान, मछली बाजार, चवन्नी चौराहा, फल चौक, भगत सिंह चौक, मुख्य डाकघर, महात्मा ज्योतिबा फुले चौक( नगीना चौक) होते हुए देर रात मां कालिया वाला मंदिर पर जाकर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा का समापन होने के बाद हवन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में जय प्रकाश सैनी, परता सैनी, दिनेश सैनी (पप्पू), नरेश सैनी, प्रमोद कुमार सैनी, अंकुर सैनी, हरपाल सैनी, ललित सैनी, विपिन सैनी, उपकोषाध्यक्ष अमित सैनी, आकाश राजपूत, नौबहार सिंह, टींकू सैनी, संजू सैनी, नीरज सैनी, हरकिशोर सैनी, शिवनाथ सैनी राजेंद्र सैनी, रामकुमार सैनी, मुकेश सैनी आदि मौजूद रहे।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 16 सितम्बर 2026**

मेष- धनहानि की आशंका, आय की अपेक्षा व्यय की अधिकता, पारिवारिक कठिनाइयों से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, मन व्यतिक्रम।

वृषभ- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति की अनुभूति, मनोबल में वृद्धि, अड़चनें समाप्त।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना दृष्टिगत, मेलमिलाप में रुचि, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सफल, संभावित यात्रा।

सिंह- कार्यों में असफलता, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद की आशंका, अकारण भ्रमण से अनावश्यक व्यय।

कन्या- कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रयास सार्थक, स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सुखद।

तुला- किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, परिवार में सुख शांति का समय, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर, भोगविलासिता की ओर रुझान।

वृश्चिक-स्वास्थ्य सुधार पर विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, घरेलू सुख में उपस्थित दिक्कतें समाप्त, यात्रा में लाभ।

धनु- स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों के प्रति उदासीनता, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, राजकीय पक्ष से कष्ट, वाद-विवाद।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, कठिनाइयों का निराकरण, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्षोल्लास, सामाजिक क्रियाकलापों में वृद्धि, नवसम्पर्क का सुयोग।

कुम्भ- अधूरे या नवकार्य पूर्णता की ओर, कुछेक समस्याओं का समाधान पक्ष में, मांगलिक आयोजन सम्पादित, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- व्यवसाय में विस्तार की दिशा में प्रयास, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, व्यक्तिगत समस्या संतोषजनक समाधान, भोगविलासिता की ओर रुझान, हर्ष भी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# खेल प्रतिभाओं को तराशने में जुटा युवा कल्याण विभाग

## जूडो, फेंसिंग और योगासन प्रतियोगिताओं का आगाज

**देहरादून (चिंगारी)।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तराखंड के तत्वावधान में राज्य स्तर पर सीधे आयोजित की जाने वाली खेल प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण का सोमवार को शुभारंभ हुआ। देहरादून में बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल, आमवाला में जूडो तथा महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में फेंसिंग प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया गया। वहीं, हरिद्वार के रोशनाबाद में योगासन प्रतियोगिता का भी शुभारंभ हुआ। आमवाला में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों के खिलाड़ियों का वजन लेने के बाद प्रथम चरण के मुकाबले शुरू हुए। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग की फेंसिंग प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने आमवाला पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



किया। वहीं, हरिद्वार के रोशनाबाद में आपदा प्रबंधन एवं पंचायतीराज मंत्री मदन कौशिक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है। इससे प्रदेश की खेल प्रतिभाओं की पहचान होने के साथ ही उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने के अवसर मिल रहे हैं।

### फेंसिंग में सार्थक जैन ने जीता स्वर्ण


महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित अंडर-14 बालक फॉयल वर्ग में सार्थक जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य सिंह पुंडीर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। मंथन पंत और श्लोक मेहता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। सार्थक जैन एवं मंथन पंत देहरादून, जबकि आदित्य सिंह पुंडीर ऊधमसिंह नगर जिले से हैं।

# शुभ समाचार : आज़ादी के 75 साल बाद नदगलगांव पहुंचेगी सड़क

**नैनीताल (चिंगारी)।** धारी ब्लॉक के ग्राम सभा महतोलियागांव नदगल के ग्रामीण आजादी से आज तक मोटर मार्ग निर्माण की मांग कर रहे थे। मोटर मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक अपना सामान लाने, मरीजों को घोड़ों या कंधों पर लाना पड़ता था। किसानों को अपनी उपज को मंडी पहुंचने तक सारा पैसा किराये भाड़े में लग जाता था। यहां के लोगों को काफी परेशानियों का समाना करने पड़ता था। यहां के ग्रामीणों ने पूर्व में कई जनप्रतिनिधियों से भी मोटर मार्ग बनाने की मांग की, लेकिन किसी ने ग्रामीणों की नहीं सुनी। ग्रामीणों ने मंत्री रामसिंह कैड़ा से मोटर मार्ग के निर्माण करने की मांग की। मंत्री कैड़ा ने जनता की समस्याओं को देखते हुए पहले मोटर मार्ग बनाने हेतु वन व पर्यावरण विभाग से स्वीकृति कराई, जिसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विभाग के अधिकारियों से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा था। मंत्री कैड़ा ने मुख्यमंत्री से मोटर मार्ग निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत करने की मांग की। मंत्री कैड़ा ने मोटर मार्ग निर्माण के लिए शासन से धनराशि स्वीकृति कराकर आज मोटर मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। मंत्री कैड़ा ने कहा जल्दी ही मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो जायेगा।



# कृति शर्मा ने स्वीटजरलैंड में बढ़ाया कोटद्वार का मान




**कोटद्वार (चिंगारी)।** एमकेवीएन ग्रुप ऑफ स्कूल्स की तीनों शाखाओं में गणेश चतुर्थी और हिन्दी दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रुप की कण्वघाटी शाखा में प्रबंध निदेशक प्रकाश कोठारी ने विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी एवं हिन्दी दिवस का महत्व बताया। देवी रोड शाखा में विद्यार्थियों ने गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही बच्चों ने मिट्टी से पर्यावरण-अनुकूल गणेश की मूर्तियां बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं हिन्दी दिवस के अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने हिन्दी दिवस के महत्व और भारतीय संस्कृति में हिंदी योगदान पर अपने विचार रखे। वहीं दुर्गापुरी शाखा में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री गणेश के विभिन्न रूपों की सुंदर वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही हिंदी दिवस के उपलक्ष में निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशिका सिंधु कोठारी, उपनिदेशिका सोनम पंत कोठारी, प्रशासनिक निदेशक विपिन जदली एवं प्रधानाचार्य सुनीता नैथानी सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज के मानसरोवर में संस्कारों की डुबकी लगाई पत्रकारों ने!

**आबू रोड (चिंगारी)।** खबरों के लिए भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच तनावमुक्त जीवन जीने और मेडिटेशन के टिप्स सीखने के लिए देशभर से 2000 से अधिक मीडियाकर्मियों ने आबूरोड राजस्थान के ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान मानसरोवर में 5 दिनों तक संस्कारों की डुबकी लगाई। मीडिया व पीआर विंग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया महासम्मेलन में प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, रेडियो, बेव, सोशल मीडिया से जुड़े संवाददाता, संपादक और जनसंपर्क से जुड़े पत्रकारों ने भाग लिया। इस दौरान सभी मीडियाकर्मियों ने हाथ उठाकर नशामुक्ति का संकल्प भी लिया। महासम्मेलन में 7-सूत्रीय कार्य योजना को अपनाया गया। बेहतर विश्व के निर्माण के लिए सशक्त मीडिया विषय पर आधारित इस महासम्मेलन में मीडिया उद्योग को सतही सामाजिक संघर्षों से आगे बढ़कर व्यावहारिक समाधानों को प्रसारित करने के लिए अपने मंचों को समर्पित करने की चुनौती दी गई। विंग की उपाध्यक्ष बी.के. सरला द्वारा प्रस्तुत व प्रो. मानसिंह परमार तथा प्रो. संजय द्विवेदी द्वारा समर्थित प्रस्ताव में पत्रकारिता की सत्यनिष्ठा को बहाल करने के लिए एक रणनीतिक रूपरेखा तैयार की गई है। वहीं वर्तमान मीडिया परिवेश के तीव्र मानसिक और सामाजिक नुकसान को रेखांकित




करते हुए, एएएफटी, नोएडा फिल्म सिटी के डीन डॉ. विकास सिंह ने एक तनावग्रस्त मीडिया पेशेवर का एक मार्मिक उदाहरण साझा किया, जिसे अपनी बेटी को एक मनोचिकित्सक के पास ले जाना पड़ा, क्योंकि वह अपने पिता से ही डरने लगी थी। डॉ. सिंह ने उपस्थित पत्रकारों से आग्रह किया कि वे पूरे समाज को अपने बच्चों की तरह देखें और अपनी रिपोर्टिंग के माध्यम से शांति के लिए सक्रिय रूप से काम करें। प्रसार भारती न्यूज सर्विस, नई दिल्ली के वरिष्ठ संपादक (डिजिटल) उमानाथ सिंह ने स्वीकार किया कि वैश्विक युद्धों के प्रभुत्व वाले इस दौर में शांति के बारे में सोचना बेहद कठिन है, लेकिन उन्होंने प्रेस के भीतर आवश्यक आध्यात्मिक लचीलापन जगाने के संगठनात्मक प्रयासों की सराहना की।

नेपाल के 'कल्याणपोस्ट की संपादक व विधायक माला कुमारी कर्ण ने कहा कि पत्रकारिता को लोगों के आपसी संबंधों को सुरक्षित रखना चाहिए, जो सीमाओं से परे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को याद दिलाया कि क़लम आज भी तलवार से ज्यादा शक्तिशाली है। अपना आशीर्वाद देते हुए, ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बी.के. मोहिनी दीदी ने मीडिया प्रतिनिधियों को एक आध्यात्मिक ढांचा प्रदान किया। उन्होंने समाचार कक्ष (न्यूज़रूम) के अत्यधिक दबाव को स्वीकार करते हुए, पत्रकारों को दुनिया की नकारात्मकता से अछूते रहने की सलाह दी और एक आदर्श रिपोर्टर की तुलना कमल के फूल से की, जो कीचड़ से घिरे होने पर भी चमकता रहता है। ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष बीके करुणा भाई ने कहा कि भारत जल्द ही विश्व गुरु बनेगा। हम इसी स्वप्न के साथ आगे बढ़ रहे हैं। विश्व के हालात आज हम सभी के सामने हैं। समय को देखते हुए यदि विश्व को कोई नई राह दिखा सकता है तो वह है भारत। जब तक मीडिया क्रांति के रूप में नहीं लेगा, हमारा स्वप्न साकार नहीं होगा। जयपुर की बहन चन्द्रकला के संचालन में मीडिया महासम्मेलन के दौरान निकुंज भाई की अंग्रेजी भाषा में लिखी पुस्तक व श्रीगोपाल नारसन की 'वरदान है उपभोक्ता कानून' का विमोचन किया गया।

# धरनास्थल पर लगे टैंट में भर गया बारिश का पानी फिर भी ग्रामीणों ने धरनास्थल पर डटे रहने की ठानी




**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** रसूलपुर आर्य नगर के ग्रामीणों द्वारा लालढांग से रसूलपुर आर्य नगर को जोड़ने वाले रवासन नदी पर झूला पुल की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन भारी बारिश के बीच तीसरे दिन धरना स्थल में टेंट के अंदर पानी भरने के बावजूद धरना जारी रहा। सोमवार को धरना स्थल पर पीली पड़ाव के प्रधान शशि झंडवाल ग्रामीणों के साथ पहुंचे। तीसरे दिन मूसलाधार बारिश में टेंट के अंदर पानी भर गया, लेकिन महिलाएं लता देवी, लीला देवी, मंगला देवी, हंसी देवी, सुलोचना देवी, तुलसी देवी, शोभा देवी, आनंदी देवी, कमला देवी, कांति देवी आदि के साथ ग्रामीण पानी में ही बैठे रहे।

ग्रामीणों के इस जज्बे को देखते हुए दोपहर एक बजे हरिद्वार तहसीलदार सचिन कुमार और श्यामपुर कोतवाली प्रभारी नितेश शर्मा धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने 2 घंटे तक छाते के सहारे खड़े होकर बारिश में भीगते हुए ग्रामीणों से वार्ता का इंतजार किया। लगभग 3 बजे वार्ता हुई। तहसीलदार ने कहा कि झूला पुल के पहले फेज का बजट पास हो चुका है, कागजी कार्रवाई पूरी कर जल्द फाइल शासन को भेजी जाएगी अब धरना समाप्त करें। लेकिन भीग रहे ग्रामीणों ने मौखिक आश्वासन को ठुकरा दिया।

जिला पंचायत सदस्य बृज मोहन पोखरियाल ने कहा – हमें कागज नहीं, जमीन पर काम चाहिए। हमारी आवाज जिलाधिकारी और सचिव तक जानी चाहिए। ग्रामीणों का एक ही ऐलान है – पुल निर्माण शुरू करो, तभी धरना खत्म होगा। धरने में दीपक जखमोला, राकेश बिष्ट, चंद्र मोहन पोखरियाल, सुधीर डबराल, केशव दत्त उप्रेती, दिनेश देवराज, जितेंद्र गुप्ता, पंकज चमोली, ग्राम प्रधान कमलेश द्विवेदी, शशि पाल सिंह झंडवाल, मोहम्मद अहसान, दिनेश चंद्र बड़ोनी, विनोद जोशी, सुरेंद्र रावत, बबलू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# श्री विश्वनाथ धाम में धूमधाम से मनाया गया गणेशोत्सव



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** महामण्डलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज के सान्निध्य में उनके भोपतवाला स्थित आश्रम श्री विश्वनाथ धाम में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान गणेश के प्राकट्य दिवस को गणेशोत्सव के रूप में पूर्ण शास्त्रीय विधि विधान एवं धूमधाम से मनाया गया। भगवान गणेश के जन्मोत्सव स्वरूप मनाए गए इस पर्व में महाराज श्री के देश भर से आए अनेक शिष्य-भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर भगवान गणेश पूजन-अर्चन का कार्य काशी के वैदिक विद्वान सुनील दीक्षित के नेतृत्व में सैकड़ों विद्वान आचार्यों ने महाराज जी के शिष्य-भक्तों के द्वारा सम्पन्न कराया। ज्ञात हो कि भारतीय शास्त्रीय परम्परा के अनुसार भगवान गणेश का अर्चन आठ वस्तुओं से किया जाता है जिसे वे बड़े मनोभाव से स्वीकार करते हैं। स्वामी प्रखर जी महाराज के अनुसार गणेश पुराण में स्वयं भगवान गणेश ने कहा है, 'मेरे जन्मोत्सव के अवसर पर जो भक्त मेरा पूजन अर्चन आठ वस्तुओं से करता है मैं उस के सभी मनोरथ पूर्ण करता हूं।' श्री विश्वनाथ नाम आश्रम में पूजन-अर्चन परम्परा का पालन करते हुए इस बार भगवान गणेश का अर्चन 16000 लड्डुओं एवं 16000 केला 16000, गन्ना 16000, चीवड़ा, 16000 धान की खील व सत्तू तथा दुर्वा आदि से किया गया तथा उसके अनुरूप ही तर्पण भी किया गया।

# 23 से होगी दो दिवसीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार उत्तराखंड सरकार द्वारा संस्कृत के प्रचार- प्रसार हेतु खण्ड स्तर से राज्य स्तर तक आयोजित की जाने वाली संस्कृत छात्र प्रतियोगिता के प्रथम चरण खण्ड स्तर के सम्बन्ध में खण्ड संयोजिका दुगड्डा बीना गौड़ के निवास पर सेवारत और सेवानिवृत्त शिक्षकों की एक बैठक हुई। बैठक में पौड़ी के वर्तमान जिला संयोजक और पूर्व में राज्य सह संयोजक रहे रोशन गौड़ ने बताया कि खण्ड स्तरीय प्रतियोगिताएं खण्ड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में होंगी जो प्रत्येक खण्ड में 23 एवं 24 सितंबर को सम्पन्न करायी जायेंगी। दुगड्डा ब्लाक की प्रतियोगिताएं मेहरबान सिंह कण्डारी विद्या मंदिर कालाबड़ में आयोजित होंगी। खण्ड संयोजिका बीना गौड़ ने कहा कि खण्ड स्तरीय प्रतियोगिताएं कक्षा 6 से 10 तक कनिष्ठ वर्ग और कक्षा 11 से स्नातकोत्तर तक वरिष्ठ वर्ग दो भागों में आयोजित की जायेंगी जिसमें संस्कृत समूह गान, संस्कृत समूह नृत्य, संस्कृत नाटक, संस्कृत आशु भाषण, संस्कृत श्लोक उच्चारण और संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता होगी। सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं।

# 17 से चलेगा एक माह का सेवा संकल्प अभियान 12 कार्यक्रमों का होगा आयोजन इस दौरान

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले अभियान में सेवा, सामाजिक सरोकार और विकसित भारत के संकल्प को लेकर 12 कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शनिवार को भनियावाला स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में



ऋषिकेश भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल ने अभियान की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 25 करोड़ बच्चों के लिए सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, सेवा ज्योति यात्रा, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, रंगोली राष्ट्र और राष्ट्रीय एमोनेशन चैलेंज,पंचायत विभाग सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे गुजरात की अलग-अलग नदियों और पवित्र नदियों से जल लाकर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानों और पंचायत स्तर पर कार्य करने वाले अन्य लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पंचायत के प्रधानों को सम्मानित भी किया जाएगा जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री दीवान सिंह रावत, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रभान पाल, जिला उपाध्यक्ष आशा कोठारी, विनय कंडवाल डोईवाला मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, संपूर्ण रावत, मनीष छेत्री सौरभ पाल आदि उपस्थित थे।

# लघु व्यापारियों को वेंडिंग जोन के अन्तर्गत स्थापित किया जाये : संजय चोपड़ा

## लघु व्यापारी संगठनों ने नगर आयुक्त से की मांग



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ अपने घोषित कार्यक्रम के अनुसार लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में अपने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नगर आयुक्त नंदन कुमार की अध्यक्षता में चली बैठक में आगामी गंगा कोरीडोर परियोजना में अलग से फुटपाथ के कारोबारी रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना उत्तराखंड शासन नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियमानुसार वेंडिंग जोन के रूप में स्थापित किए जाने की मांग को प्रमुखता से दोहराया। नगर आयुक्त नंदन कुमार से यह भी मांग की कि पूर्व के चिन्हित सभी 12 वेंडिंग जोन में नगर निगम प्रशासन द्वारा स्थानीय कारोबारी रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को समाहित कर सामाजिक सुरक्षा के साथ स्वरोजगार के अवसर दिए जाएं।

इस अवसर पर नगर आयुक्त नंदन कुमार ने लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वासन देते हुए कहा कि नगर निगम में हर वर्ष 2018 के सभी पंजीकृत रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स का प्रशिक्षण कराकर स्थापन की कार्रवाई प्र चलन में है। उन्होंने कहा कि रोडी बेलवाला पंतदीप पार्किंग एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में नए वेंडिंग जोन चिन्हित किए जाने के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर लघु व्यापारियों की समस्या के निदान के लिए अगले सप्ताह फेरी समिति की बैठक का आयोजन कर कुंभ मेला 2027 को ध्यान में रखते हुए नियम और योजनाएं बनाई जाएंगी

नगर आयुक्त के कार्यालय पर नगर आयुक्त नंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों में फेरी समिति सदस्य कमल सिंह, नीतीश अग्रवाल, कपिल गर्ग, अनुज त्रिवेदी, शुभम ठाकुर, पंडित मनीष शर्मा, लालचंद गुप्ता, विजय गुप्ता, नरसिंह कुमार, कपिल सिंह, उमेश कुमार, नंदकिशोर गोस्वामी, नीरज कश्यप, चंदन रावत, जयसिंह बिष्ट, हरिशंकर, आजम अंसारी, कामिल, गीता देवी, पुष्पा ,मंजू, सुनीता आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।


चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# मुख्यमंत्री धामी ने मदरसों के छात्रों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा- शमून कासमी

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मुफ़्ती शमून क़ासमी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बिना किसी भेदभाव के मदरसा के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है। धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ अब मदरसा के छात्र आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे।

स्थानीय मन्नत पैलेस में एक वैवाहिक समारोह में शिरकत करने पहुंचे उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मुफ़्ती शमून क़ासमी ने 'चिंगारी' से बात करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिसे प्राप्त कर दुनिया उन्नति के शिखर पर पहुंच सकती है। उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण की स्थापना करके सभी को समान शिक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मदरसे के छात्र धार्मिक शिक्षा प्राप्त करें, साथ ही उन्हें आधुनिक शिक्षा भी मिले, तभी वह विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं। मुस्लिमों खासकर मदरसे में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य के प्रति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बहुत फिक्रमंद थे। उनकी सोच थी कि मदरसे के छात्र भी आधुनिक शिक्षा प्राप्त करें और उनकी इस सोच के पीछे मदरसे के छात्रों की तरक्की का मार्ग दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने अपनी सोच को अमलीजामा पहनाने और मदरसा के छात्रों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण की स्थापना की है।



उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के लागू होने के बाद,अब मदरसे के छात्र उत्तराखंड राज्य बोर्ड का पाठ्यक्रम पढ़ेंगे और डॉक्टर, इंजीनियर के साथ-साथ आईएएस व आईपीएस अधिकारी भी बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने पर कोई रोक नहीं है।

## नर गुलदार के पकड़े जाने के बाद मादा हुई आक्रामक, ग्रामीणों में दहशत

**हरेवली ( चिंगारी )।** हरेवली के निकटवर्ती ग्राम परमावाला में शुक्रवार की रात पिंजरे में एक नर गुलदार के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि नर गुलदार के पकड़े जाने के बाद से मादा गुलदार आक्रामक रूप से गांव के आसपास चक्कर काट रही है। इसके साथ एक अन्य गुलदार भी दिखाई देने की बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से गुलदारों की गतिविधियां गांव के आसपास बनी हुई हैं। शुक्रवार की रात वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक नर गुलदार के कैद होने के बाद ग्रामीणों को कुछ राहत मिली थी, लेकिन अब मादा गुलदार के लगातार क्षेत्र में घूमने से उनकी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मादा गुलदार आक्रामक व्यवहार कर रही है, जिससे लोगों में भय व्याप्त है।

गुलदार की मौजूदगी के चलते ग्रामीण जंगल और खेतों की ओर जाने से भी डर रहे हैं। विशेष रूप से किसानों को अपनी फसलों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मादा गुलदार को नहीं पकड़ा गया तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्राम निवासी डॉ. होराम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन सैनी, मदन सिंह, रमेश सिंह आदि ने वन विभाग से गांव के आसपास पिंजरा लगाकर मादा गुलदार को शीघ्र पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने तथा गुलदारों से सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की भी मांग की।


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रिशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।



किराये हेतु उपलब्ध
गंगा नगर सिविल लाइन बिजनौर में वन रूम सैट।
कृपया छोटे परिवार वाले सम्पर्क करें।
मो. नं. 9760962038, 9412291336



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर